13FAR-25- FATVA:13FAR-25- FATVA.qxd 13-Feb-25 11:17 AM Page 1

वर्ष-17 अंक-07 | प्रत्येक गुरुवार प्रकाशित | अनूपपुर,13 फरवरी से 19 फरवरी 2025 | मूल्य 2.00 पृष्ठ-8 | epaper www.fatwasamachar.com

एजेंसी देना है
एजेंसी लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
मो. 9893798715

डाक पंजी-SHL-4019/2025
RNI-MPHIN/2008/24599

# फतवा

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय समाचार पत्र
आपका विश्वास

**सुविचार**

दुनिया में रहने की सबसे अच्छी दो जगह है किसी के दिल में रहो या किसी की दुआओं में रहो

**न्यूज ब्रीफ**

## भारत और इंग्लैंड के बीच मैचों की वनडे सीरीज का मुकाबला जीता भारत



**अहमदाबाद।** भारत और इंग्लैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है।भारतीय टीम ने 48 ओवर में 7 विकेट पर 340 रन बना लिए हैं। वॉशिंगटन सुंदर और हर्षित राणा क्रीज पर हैं।आदिल रशीद ने हार्दिक पंड्या (17 रन), श्रेयस अय्यर (78 रन), शुभमन गिल (112 रन) और विराट कोहली (52 रन) के विकेट लिए। रोहित शर्मा (एक रन) मार्क वुड की बॉल पर आउट हुए।भारत ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। ऐसे में यह मुकाबला 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी के लिहाज से अहम है। इसमें कप्तान रोहित शर्मा अपनी परफेक्ट टीम के कॉम्बिनेशन की तलाश करेंगे।

## बिहार में महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की सड़क हादसों में 7 की मौत, कई घायल



गया, । प्रयागराज महाकुंभ मेला से लौट रहे पांच श्रद्धालुओं की गया और रोहतास जिले में अलग-अलग सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि 11 श्रद्धालु घायल हो गए। कई श्रद्धालुओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं आरा में सड़क हादसे में इंटर की दो छात्राओं की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर बुधवार सुबह प्रयागराज से बंगाल लौट रही एक बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में बोलेरो सवार दो महिला की घटना स्थल पर हीं मौत हो गई है और आठ लोग घायल हैं।

## चुनावों से पहले मुफ्त उपहारों की घोषणा की प्रथा पर सुप्रीम कोर्ट नाराज



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनावों से पहले मुफ्त उपहारों की घोषणा करने की प्रथा पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि लोग अब काम करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि उन्हें मुफ्त राशन और धनराशि मिल रही है। फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच शहरी क्षेत्रों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## शीना बोरा हत्याकांड- सुप्रीम कोर्ट का इंद्राणी को झटका, विदेश जाने की नहीं दी इजाजत

नई दिल्ली। शीना बोरा हत्या मामले में आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को सुप्रीम कोर्ट से झटका दिया है। कोर्ट ने मुखर्जी को विदेश जाने की इजाजत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इंद्राणी मुखर्जी की याचिका पर निचली अदालत को यह निर्देश दिया कि वह एक साल के अंदर इस मामले की ट्रायल पूरा करे। कोर्ट ने इंद्राणी को विदेश जाने की अनुमति देने के अनुरोध पर राहत नहीं दी है। इंद्राणी मुखर्जी ने इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने उनकी विदेश जाने की याचिका खारिज कर दी थी। दरअसल, निचली अदालत ने पहले इंद्राणी को विदेश जाने की इजाजत दी थी, लेकिन बाद में हाईकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था, जिसके बाद इंद्रपाणी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाय था। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए विदेश यात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

## किसी महिला को नाजायज पत्नी या वफादार रखैल कहना मौलिक अधिकार का उल्लंघन - सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी महिला को नाजायज पत्नी या वफादार रखैल कहना मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। कोर्ट ने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत महिला के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले में इन शब्दों के इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट ने आपत्ति जताई है।सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 11 के तहत शून्य घोषित विवाह का जीवनसाथी धारा 25 के तहत स्थायी गुजारा भत्ता और रखरखाव का दावा करने का हकदार करार देने वाले फैसले में की है।

## अनेक देशों ने दिखाई मध्यप्रदेश में निवेश की रुचि

# मध्यप्रदेश में हर सेक्टर में मौजूद है निवेश की अपार संभावनाएं: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**समाज में उद्योपतियों का महत्वपूर्ण स्थान**

**मध्यप्रदेश की उद्योग एवं निवेश-नीतियां निवेश के लिए फ्रेंडली**

**भारत तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली में जीआईएस-2025 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में शामिल हुए**

**400 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल**

**उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन और राउण्ड टेबल मीटिंग हुई**

**मुख्यमंत्री ने जीआईएस भोपाल के लिए उद्योगपतियों को दिया आमंत्रण**




**संवाददता ➤ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में हर सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद है। यहां नर्मदा, ताप्ती आदि नदियों की अपार जल राशि है, निरंतर बिजली उपलब्ध है, वन संपदा है, सड़कों, रेलवे और वायु मार्ग का अच्छा नेटवर्क है और उद्योगों को बड़ी रियायतें हैं। मुख्यमंत्री ने आगामी 24 एवं 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में झीलों, पहाड़ों और वन संपदा से युक्त सुंदर भोपाल शहर में आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक निवेश करें और इन तारीखों को अविस्मरणीय बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नई दिल्ली में जीआईएस-2025 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में उद्योगपतियों को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश के चमत्कारी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था के बाद अब तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। इस कार्य में निवेशकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत प्राकृतिक संसाधनों के साथ मानव संसाधन में भी आगे है। हम उद्योगों को बढ़ाकर ही आगे बढ़ सकते हैं। हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी विश्व भर का भ्रमण कर भारत की प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा हैमुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की उद्योग एवं निवेश नीति निवेशकों के लिए बहुत फ्रेंडली है। हम स्टार्ट-अप्स को विशेष महत्व दे रहे हैं। उद्योगों में विभिन्न प्रकार की रियासतों के साथ ही इस बात का सर्वाधिक ध्यान रखा जाता है कि उनके सारे काम समय से हो जाएं। मध्यप्रदेश में जमीन दिल्ली की तुलना में एक बटे 40 गुना और मुंबई की तुलना में एक बटे 100 गुना सस्ती है। मध्यप्रदेश में सभी सेक्टर में विशेष रूप से टेक्सटाइल के क्षेत्र में निवेश की असीमित संभावना है। हम टेक्सटाइल्स पर 200 प्रतिशत इंसेंटिव देते हैं, हमारा कॉटन उच्च गुणवत्ता का है। मेरी जापान यात्रा के दौरान यूनिक्लो कंपनी के मलिक ने भी इस बात का उल्लेख किया था।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय लोग उद्योगपतियों से मिलने में झिझक महसूस करते थे, लेकिन हमने उस धारणा को बदला है।

## माघ पूर्णिमा में उमड़ा कुंभ में आस्था का सैलाब....करीब 2.5 करोड़ लोगों के स्नान का अनुमान



**श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए**

**सीएम योगी सुबह 4 बजे से वॉर रुम में बैठकर कर रहे निगरानी**

**एजेंसी ➤ प्रयागराज**

प्रयागराज महाकुंभ में माघ पूर्णिमा अवसर पर स्नान करने को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एकत्र हुई। संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है। प्रशासन के मुताबिक, दोपहर 12 बजे तक 1.59 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। अनुमान है कि बुधवार को माघ पूर्णिमा के दिन 2.5 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे। योगी सरकार के द्वारा श्रद्धालु पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाए गए। प्रयागराज जाने वाले रास्तों में भीषण जाम के बाद ट्रैफिक प्लान में बदलाव हुआ है। प्रयागराज शहर में वाहनों का प्रवेश बंद है। मेला क्षेत्र में भी कोई भी वाहन नहीं चलेगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को संगम पहुंचने के लिए 8 से 10 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। प्रशासन पार्किंग से शटल बसें चला रहा है। हालांकि, यह बेहद सीमित हैं।

इतना ही नहीं संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं। वहां लोगों को रुकने नहीं दे रहे हैं, ताकि भीड़ न बढ़े। ज्यादातर लोगों को बाकी घाटों पर स्नान के लिए भेजा जा रहा है। भीड़ कंट्रोल के लिए पहली बार मेले में 15 जिलों के डीएम, 20 आईएएस और 85 पीएससी अफसर तैनात किए गए हैं।इधर, लखनऊ में सीएम योगी सुबह 4 बजे से मुख्यमंत्री आवास पर बने वॉर रूम से महाकुंभ की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## यह परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम इसे पारंपरिक हथियारों के लिए किया मॉडिफाई

# एयरो इंडिया 2025 में अमेरिकी का बी-1बी लांसर बॉम्बर दिखा रहा दम





**बेंगलुरु।** भारत के सबसे बड़े एयर शो एयरो इंडिया 2025 में इस बार अमेरिकी एयरफोर्स का बी-1बी लांसर बॉम्बर शामिल किया गया है। यह लगातार तीसरी बार इस एयर शो का हिस्सा बना है। बी-1बी लांसर अपनी सुपरसोनिक स्पीड, भारी पेलोड कैपेसिटी और लॉन्ग-रेंज अटैक क्षमता के लिए दुनिया भर में मशहूर है। इसे अमेरिकी एयरफोर्स की लॉन्ग रेंज बॉम्बर फोर्स की रीढ़ माना जाता है। बी-1बी लांसर दुनिया का सबसे शक्तिशाली बॉम्बर यह ध्वनि की गति (मार्स 1.2) से भी तेज उड़ सकता है। यह अमेरिका से उड़ान भरकर दुनिया में कहीं भी मिशन को अंजाम दे सकता है। यह गाइडेड और अनगाइडेड बमों के साथ भारी हथियारों का सबसे अधिक पेलोड ले जाने वाला बॉम्बर है। इसमें लो-ऑब्जर्वेबल टेक्नोलॉजी हैं, जिससे यह दुश्मन के रडार से बच सकता है। अमेरिकी एयरफोर्स में इसे प्यार से 'बी-वन' या बोने कहा जाता है। इसे 1980 के दशक में अमेरिका ने विकसित किया था। यह परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम था, लेकिन अब इसे पारंपरिक हथियारों के लिए मॉडिफाई किया गया है। यह अफगानिस्तान, इराक और सीरिया में ऑपरेशंस में शामिल था।

एयरो इंडिया 2021 में इसने भारतीय तेजस फाइटर जेट के साथ फ्लाई-पास्ट किया था। तब भारतीय वायुसेना के स्वदेशी तेजस फाइटर ने इसे एस्कॉर्ट किया था। अमेरिका लगातार एयरो इंडिया में अपनी सैन्य ताकत दिखा रहा है, जो भारत और अमेरिका के मजबूत रक्षा सहयोग को दर्शाता है। बी-1बी जैसे बॉम्बर्स भारत के लिए कारगर हो सकते हैं, लेकिन भारतीय वायुसेना फिलहाल राफेल, तेजस और सुखोई जैसे मल्टीरोल फाइटर्स पर ज्यादा ध्यान दे रही है।

# राममंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन, पीएम सहित कई दिग्गजों ने दुख जताया

## यह ट्रस्ट के लिए और अयोध्या वासियों के लिए भी गहरा धक्का है

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर आते ही लोगों का मन दुखी हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के कई दिग्गज नेताओं ने दुख व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, परम रामभक्त, श्री राम जन्मभूमि मंदिर, श्री अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार दास जी महाराज का निधन अत्यंत दुःखद एवं सामाजिक व आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र



श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे तथा शोक संतप्त शिष्यों एवं अनुयायियों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। भाजपा सांसद रवि किशन ने भी एक्स पर लिखा कि श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी, आचार्य सत्येंद्र दास जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है। लखनऊ के पीजीआई में उनका इलाज चल रहा था। उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ था। पीजीआई से थोड़ी देर में अयोध्या के लिए उनका पार्थिव शरीर ले जाया जाएगा। 7 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से इसकी घोषणा कर दी गई है। यह ट्रस्ट के लिए और अयोध्या वासियों के लिए भी गहरा धक्का है।

## सीएम स्टालिन निभाएंगे वादा, अभिनेता कमल हासन को भेजेंगे राज्यसभा

**चैन्नई।** तमिल फिल्म के सुपरस्टार और नेता कमल हासन बहुत जल्द राज्यसभा सदस्य बन सकते हैं। कमल हासन को स्टालिन की पार्टी डीएमके राज्यसभा पहुंचा सकती है। बुधवार को तमिलनाडु के हिंदू धार्मिक और चैरिटेबल बंदोबस्ती मंत्री पीके शेखर बाबू ने कमल हासन से उनके घर पर जाकर मुलाकात की। इसके बाद कयासों का बाजार गर्म हो गया है।

दरअसल, कमल हासन ने मक्कल नीधि मय्यम (एमएनएम) नाम से अपनी पार्टी बनाई थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में वह इंडिया गठबंधन में शामिल हो गए थे। तमिलनाडु में डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए उन्होंने जमकर प्रचार भी किया था। इंडिया गठबंधन ने राज्य की सभी 39 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। डीएमके सूत्रों के मुताबिक सीएम और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने लोकसभा चुनाव में समर्थन के बदले कमल हासन को राज्यसभा भेजने का वादा किया था जून 2025 में राज्यसभा की छह सीटें खाली होने वाली हैं।

## वित्तमंत्री सीतारमण के बयान पर प्रियंका गांधी वाड्रा का तंज, वे किस ग्रह पर रह रहीं मुझे नहीं पता

**एजेंसी ➤ नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वह (निर्मला सीतारमण) किस ग्रह पर रह रही हैं। वे कह रही हैं कि महंगाई नहीं है, बेरोजगारी नहीं बढ़ी है, कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

दरअसल प्रियंका वाड्रा का ये बयान वित्तमंत्री के संसद में दिए बयान पर आया, जिसमें उन्होंने कहा कि भारत में यूपीए सरकार की तुलना में पीएम मोदी की सरकार में महंगाई काफी कम है।



सीतारमण ने बताया कि यूपीए के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान खाद्य महंगाई 11 प्रतिशत थी, जो चौंकाने वाली थी। एनडीए सरकार के तहत खाद्य महंगाई 2014 से 2024 तक 5.3 प्रतिशत तक कम हो गई।

## 115 साल पहले अंग्रेजों की कैद से भागकर सावरकर यहीं पहुंचे थे

# मोदी ने फ्रांस में सावरकर को याद किया:मार्से शहर पहुंचे

**पेरिस।** पीएम मोदी का फ्रांस दौरे पर तीसरा दिन है। वे मंगलवार की रात फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ फ्रांस के दूसरे सबसे बड़े शहर मार्से पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने स्वंतत्रता सेनानी वीर सावरकर को याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि यह शहर भारत की आजादी में खास महत्व रखता है। दरअसल, सावरकर को 1910 में नासिक षड्यंत्र मामले के तहत लंदन में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें जहाज से भारत लाया जा रहा था। जब उनका जहाज मार्से के पास पहुंचा तो उन्होंने समंदर में छलांग लगा दी और तैरकर तट तक पहुंच गए। मार्से में ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें दोबारा




गिरफ्तार कर लिया।फ्रांस की सरकार ने अपनी जमीन पर सावरकर की गिरफ्तारी का विरोध किया और मामले को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय तक ले गई।

**मोदी ने ष्टश्वह्र फोरम को बेस्ट माइंड्स का ठिकाना बताया**

पीएम मोदी ने मैक्रों के साथ मंगलवार रात पेरिस में 14वें भारत-फ्रांस ष्टश्वह्र फोरम में भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह फोरम भारत-फ्रांस के बेस्ट बिजनेस माइंड्स का ठिकाना है। इस फोरम के जरिए दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी को मजबूती मिलती है।

## अब दिल्ली एयरपोर्ट से फ्लाइट पकड़ने के लिए देना होगा भारी शुल्क

## दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने शुल्क बढ़ाने का दिया प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे से यात्रा करने वाले घरेलू यात्रियों को जल्द ही पीक आवर्स यानी सुबह 5 बजे से 8ः55 बजे और शाम 5 बजे से 8ः55 बजे तक में ज्यादा शुल्क देना पड़ सकता है। वर्तमान में दिल्ली हवाई अड्डे पर प्रस्थान करने वाले यात्रियों से करीब 52 रुपए उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) के रूप में लिया जाता है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने इस शुल्क को 610 रुपए से लेकर 1,620 रुपये तक बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। अन्य हवाई शुल्कों में भी वृद्धि की योजना है। डायल के इस प्रस्ताव पर अंतिम मुहर एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी लगाएगी। यही नहीं डायल ने अंतरराष्ट्रीय फर्स्ट और बिजनेस क्लास यात्रियों से इकोनॉमी या प्रीमियम इकोनॉमी में यात्रा करने वालों की तुलना में ज्यादा यूडीएफ वसूलने की तैयारी की है।

13FAR-25- FATVA:13FAR-25- FATVA.qxd 13-Feb-25 11:17 AM Page 2



संपादकीय

# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया

इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है।
तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता-पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है।

(एक नजर)

## जीव का जीवन ही कृषि पर आधारित है

वैश्विक स्तरपर भारत प्राकृतिक संसाधनों में सर्वगुण संपन्न वाला एक ऐसा अनोखा देश है जहां सृष्टि की की अपार रहमत बरसी है,बस जरूरत है हमारे अपार समृद्ध जनसांख्यिकीय तंत्र को अपनी विश्व प्रतिष्ठित बौद्धिक क्षमता, कौशलता का उपयोग कर इन्हें विलुप्तता या नष्ट होने से बचाएं, क्योंकि जिस तरह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है, उससे हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए विपत्तियों की स्थिति पैदा कर रहे हैं।आज हमें सबसे अधिक संरक्षण की जरूरत जल, भूमि और मिट्टी की है और उस भूमि, मिट्टी में हमारी कृषि होती है इसलिए श्लोकों में भी आया है।जीव जीवनम् कृषि अर्थात जीव का जीवन ही कृषि पर आधारित है क्योंकि मानव का भाग्य और भविष्य जल, भूमि, मिट्टी इन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर निर्भर है। साथियों बात अगर हम भारत में भूमि की करें तो हम उसे अपनी माता मानते हैं इसलिए श्लोक में आया है कि माता भूमि- पुत्रो अहम पृथव्या – अर्थात भूमि हमारी माता है और मैं भूमि का पुत्र हूं इसलिए यह श्लोक मनीषियों को अपने जीवन में रेखांकित कर भूमि की सेवा और संरक्षण करना वर्तमान समय की मांग है क्योंकि इस भूमि से हमारी कृषि जुड़ी हुई है वैसे भी भारत एक कृषि प्रधान देश है और 70 फीसदी जनसंख्या कृषि परनिर्भर है इसलिए भूमि की रक्षा, सेवा, संरक्षण करना हर भारतीय का परम कर्तव्य है इसमें हम अन्नदाता द्वारा कृषि के रूप में किए गए यज्ञ में अपने सहयोग रूपी आहुति समझना हम आध्यात्मिक रूपी मनीषियों के लिए बेहतर होगा।

विचार

# ट्रंप ने सारी दुनिया में गिराई अमेरिका की साख

सनत जैन
लेखक



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विदेशी भ्रष्ट आचरण कानून पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। ट्रंप के इस आदेश के बाद विदेश में व्यापार या ठेका हासिल करने के लिए अब अमे?रिकी कंपनी द्वारा रिश्वत देना अपराध नहीं होगा। अभी तक अमेरिकी कानून के अनुसार यह एक बड़ा अपराध था, जिसके कारण अमेरिकी सरकार अथवा अमेरिका की कंपनियां जो सारी दुनिया के देशों में जो व्यापार करती थी, इस कानून से यह संदेश जाता था, अमेरिका की कंपनियां अन्य देशों में रिश्वत नहीं देती हैं। जिसके कारण अमेरिका की सरकार और अमेरिकी कंपनियों की साख पूरी दुनिया के देशों में बनी हुई थी। लुके-छुपे तौर पर यदि कोई कंपनी या व्यक्ति इस तरीके की कोशिश करता था, ऐसी स्थिति में अमेरिकी कानून के अनुसार उसे आर्थिक तथा आपराधिक मामलों में सजा से दंडित किया जाता था। ट्रंप ने जो निर्णय अभी लिया है, उससे सारी दुनिया के देशों में यह संदेश गया है। अमेरिका की कंपनियां अपने लाभ के लिए दुनिया के किसी भी देश के राजनेता, अधिकारियों या कारोबारियों को रिश्वत देकर ठेका हासिल कर सकती हैं। रिश्वत देकर सामान खरीदने-बेचने के कांटेक्ट हासिल कर सकती हैं। अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के अन्य देशों को इस निर्णय से सबसे बड़ा नुकसान होने जा रहा है। किसी भी देश में अमेरिका की कंपनियों से व्यापार या कारोबार किया जाएगा, वह सभी शक के दायरे में होंगी। जिन देशों के कारोबारी या सरकारें अमेरिकी कंपनियों से खरीददारी करेंगी, उन्हें भी शक की निगाह से देखा जाएगा। ट्रंप का यह निर्णय ऐसे समय पर आया है, जबकि अमेरिकी कानून के अनुसार भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी सहित आठ लोगों के ऊपर अमेरिका में अपराधिक मामला दर्ज है। 21 नवंबर 2024 को अमेरिका की कोर्ट में 2200 करोड़ रुपए की घूस के मामले में गौतम अडानी और अन्य के खिलाफ वारंट जारी हो चुके हैं। वारंट जारी होने के बाद से गौतम अडानी अमेरिका नहीं जा पा रहे हैं। उनका व्यवसाय पूरी दुनिया में प्रभावित हुआ है। गौतम अडानी ने अमेरिकी कानून से बचने के लिए वहां के सांसदों को अपनी पैरवी में उतारा था। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अडानी को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर भी राजनायिक और कूटनीतिक संबंधों का इस्तेमाल कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के पहले भारत सरकार ने जिस तरह से आयात-निर्यात व्यापार में अमेरिका के पक्ष में शुल्क को घटाया है, वह सब अडानी समूह की राहत से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रंप और एलन मस्क की जोड़ी की राजनेता के स्थान पर एक कारोबारी के रुप में पहचान है। दोनों ही अपने निजी कारोबार एवं फायदे को ध्यान में रखते हुए अमेरिकी सरकार के निर्णय कर रहे हैं। गौतम अडानी और भारतीय कारोबार पर एलन मस्क की भी नजर है। डोनाल्ड ट्रंप भी भारत में अपना कारोबार बढ़ाने के प्रयास में लगे हुए हैं। गौतम अडानी की गर्दन पूरी तरह से अमेरिका के शिकंजे में फंस गई है। भारत सरकार किसी भी कीमत पर गौतम अडानी को अमेरिकी कानून के चक्कर से बचाना चाहती है। अडाणी को बचाने के चक्कर में भारत को काफी आर्थिक नुकसान उठाने पड़ेंगे। दीर्घकालीन कई ऐसे समझौते हो सकते हैं, जिसके कारण भारत के हित बुरी तरह से प्रभावित होंगे। अमेरिका को भी अभी तक का सबसे बड़ा नुकसान होने की आशंका बन गई है। डोनाल्ड ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका की नैतिकता और पारदर्शिता पूरी तरह से दुनिया के देशों में खत्म होगी। ट्रंप के वर्तमान निर्णयों से अमेरिका की छवि एक गैंगस्टर की तरह बनने लगी है। जो लाभ के लिए किसी भी स्तर पर जाकर नैतिक और अनैतिक काम करने से पीछे नहीं हटता है। अमेरिका से कारोबार करने वाले अन्य देशों के राजनेताओं और कारोबारियों के ऊपर रिश्वतखोरी के आरोप बड़े पैमाने पर लगेंगे, जिसके कारण दुनिया के देशों में राजनीतिक अस्थिरता, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार का वातावरण बढ़ेगा। अमेरिका को इतना बड़ा नुकसान इसके पहले कभी नहीं हुआ, जो अब हो सकता है। एक बार अमेरिका की छवि रिश्वत देकर कारोबार करने की बन गई, तो दुनिया के सभी देश अमेरिका के साथ दूरियां बनाना शुरू कर देंगे।

> भारत सरकार किसी भी कीमत पर गौतम अडानी को अमेरिकी कानून के चक्कर से बचाना चाहती है। अडाणी को बचाने के चक्कर में भारत को काफी आर्थिक नुकसान उठाने पड़ेंगे। दीर्घकालीन कई ऐसे समझौते हो सकते हैं, जिसके कारण भारत के हित बुरी तरह से प्रभावित होंगे। अमेरिका को भी अभी तक का सबसे बड़ा नुकसान होने की आशंका बन गई है। डोनाल्ड ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका की नैतिकता और पारदर्शिता पूरी तरह से दुनिया के देशों में खत्म होगी। ट्रंप के वर्तमान निर्णयों से अमेरिका की छवि एक गैंगस्टर की तरह बनने लगी है। जो लाभ के लिए किसी भी स्तर पर जाकर नैतिक और अनैतिक काम करने से पीछे नहीं हटता है।

विचार

# क्या कांग्रेस वाकई एक डूबता जहाज है ?

राकेश अचल
लेखक




भारत को 2014 में मिली असली आजादी के बाद भाजपा से लगातार जूझ रही कांग्रेस को दिल्ली विधानसभा चुनाव में जनता द्वारा नकारे जाने के बाद क्या ये लगने लगा है कि -कांग्रेस अब एक डूबता जहाज है और अब कोई दूसरा दल इस पर सवारी नहीं करना चाहेगा ? सवाल जायज भी है और इस पर विमर्श भी होना चाहिए। बल्कि यूं कहें कि इस मुद्दे पर विमर्श शुरू भी हो चुका है। 2026 में होने वाले बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए तृणमूल कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन में रहने या कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने से इंकार कर इस विमर्श का श्रीगणेश कर दिया है।

इस बात में कोई दो राय नहीं हो सकती कि देश में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ मोर्चा लेने में कांग्रेस शुरू से अग्रणीय रही है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मात्र 44 सीटों पर सिमटी कांग्रेस ने मैदान नहीं छोड़ा। भाजपा ने तब 286 सीटें अकेले दम पर जीती थीं। पांच साल लगातार विपक्ष में बैठने के बावजूद कांग्रेस अपने ढंग से काम करती रही और 2019 के चुनाव में कांग्रेस 44 सीटों से बढ़कर 52 सीटों पर आ गयी। कांग्रेस के लिए हालाँकि ये कोई बड़ी उपलब्धि नहीं थी ,लेकिन कुल 8 सीटें ज्यादा हासिल कर कांग्रेस को थोड़ी -बहुत ऊर्जा जरूर मिली। डूबते को तिनके का सहारा होता है।

लगातार दूसरी जीत के बाद भाजपा की चाल,चरित्र और चेहरे में अप्रत्याशित रूप से बदलाव आया । भाजपा ने अपने दूसरे कार्यकाल में पूरी ताकत से अपने एजेंडे पर काम करना शुरू किया। जम्मो-कश्मीर से धारा 370 हटाई, अयोध्या में राममंदिर बनाने का रास्ता साफ़ कर मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कर उसे पूरा भी किया और लगातार एक के बाद एक राज्यों में अपनी बढ़त बनाई ,लेकिन कांग्रेस पीछे नहीं हटी । कांग्रेस ने अपने सहयोगी दलों के साथ भाजपा के दांत खट्टे करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा की नफरत के मुकाबले मुहब्बत की दूकान खोली । पूरे देश में दो बार पदयात्रा कर जन-जागरण की कोशिश की ,परिणाम स्वरूप 2024 के आम चुनाव में कांग्रेस जहाँ 52 से आगे बढ़कर 99 पर पहुंची ,वहीं भाजपा का 400 पार का सपना चकनाचूर हो गया और भाजपा 240 पर सिमिट गयी।

भारत की राजनीति में कांग्रेस का उत्थान और पतन होता ही रहा है। एक लम्बी दास्तान है कांग्रेस के उत्थान और पतन की। 4 जून 2024 के बाद पिछले 9 महीने में देश में जितने भी विधानसभाओं के चुनाव हुए हैं उनमें से कर्नाटक,केरल,हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड को छोड़ कांग्रेस कहीं भी भाजपा का विजय रथ नहीं रोक सकी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस का सूपड़ा ही साफ़ हो गया ,और इसी के साथ कांग्रेस की अगुवाई में बने आईएनडीआईए यानि इंडिया गठबंधन में विखराव शुरू हो गया। दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस का साथ और हाथ दोनों छोड़े और सत्ता से बाहर हो गयी। महाराष्ट्र में भी भाजपा ने कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया । हरियाणा में भी कांग्रेस के जीत के सपने को तोड़ा और अब उसका निशाना कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन भी है।

भाजपा बिहार में विधानसभा के चुनाव से पहले कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की कमर तोड़ देना चाहती है। बिहार में चुनाव इसी साल अक्टूबर में होना है । अगले साल बंगाल का नंबर है। बिहार विधानसभा चुनावों से पहले बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करने से इंकार कर दिया है। बिहार में कांग्रेस का राजद से गठबंधन है। यहां क्या होगा कहना कठिन है। लेकिन कांग्रेस के लगातार अकेले पड़ने की वजह से जहाँ देश में क्षेत्रीय दल एक-एककर भाजपा के शिकार बन रहे हैं वहीं कांग्रेस के वजूद पर भी प्रश्नचिन्ह भी लगते जा रहे हैं। ये तय है कि कांग्रेस जिस मुखरता से हार-जीत की परवाह किये बिना भाजपा का मुकाबला कर रही है उतनी दम देश के किसी और राजनीतिक दल में नहीं है । कांग्रेस का साथ न देकर बीजद ने उड़ीसा खोया है तो आम आदमी पार्टी ने दिल्ली गंवा दी है और यदि तृणमूल कांग्रेस भी यही गलती करती है तो तय मानिये की उसका हश्र भी बीजद और आम आदमी पार्टी जैसा ही होगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी 2026 का विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी । कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन से उन्होंने इनकार किया है, क्योंकि उसने कांग्रेस को डूबता जहाज मान लिया है। लेकिन सवाल ये है कि क्या सचमुच ममता बनर्जी की पार्टी जैसा सोच रही है वैसा ही दूसरे विपक्षी दल भी सोच रहे हैं ? अभी तक उद्धव ठाकरे की शिव सेना हो या तेजस्वी यादव की राजद या अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ,इन सभी ने कांग्रेस का न हाथ छोड़ा है और न साथ। जब तक ये सभी कांग्रेस के साथ हैं तब तक कांग्रेस को डूबता जहाज मानना टीएमसी की एक भूल के सिवाय कुछ भी नहीं है। आपको बता दें की ममता बनर्जी ने अपने विधायकों और मंत्रियों से कहा कि टीएमसी 294 सीटों वाली राज्य विधानसभा में दो-तिहाई बहुमत के साथ 2026 का चुनाव अपने दम पर जीतेगी। मुझे न ममता बनर्जी के आत्म विश्वास पर संदेह है और न कांग्रेस के डूबने को लेकर कोई शक। लेकिन मेरा मानना है कि कांग्रेस विहीन भारत की कल्पना को साकार करने में भाजपा को अभी लम्बी लड़ाई लड़ना पड़ेगी। कांग्रेस का डीएनए अमीबा जैसा है। अमीबा कभी मरता नहीं है। अमीबा जितना विखंडित होता है उतना ही विकसित होता जाता है। कांग्रेस पिछले सवा सौ साल में दर्जनों बार विभाजित,पराजित हुई है लेकिन समाप्त नहीं हुई ,अर्थात उसका जहाज कभी भी टाइटेनिक की तरह समुद्र की सतह में नहीं समाया। कांग्रेस डूबकर भी हर बार सतह पर आयी है।

> पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी 2026 का विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी । कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन से उन्होंने इनकार किया है, क्योंकि उसने कांग्रेस को डूबता जहाज मान लिया है। लेकिन सवाल ये है कि क्या सचमुच ममता बनर्जी की पार्टी जैसा सोच रही है वैसा ही दूसरे विपक्षी दल भी सोच रहे हैं ? अभी तक उद्धव ठाकरे की शिव सेना हो या तेजस्वी यादव की राजद या अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ,इन सभी ने कांग्रेस का न हाथ छोड़ा है और न साथ। जब तक ये सभी कांग्रेस के साथ हैं तब तक कांग्रेस को डूबता जहाज मानना टीएमसी की एक भूल के सिवाय कुछ भी नहीं है।

विचार

# मोदी की अमेरिका यात्रा से पूर्व कूकी की बलि चढ़े बीरेन सिंह!

विजय कुमार तिवारी
लेखक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के पूर्व जिस अप्रत्याशित रूप से मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह से इस्तीफा लिया गया ,वह चौंका देने वाला वाकया था। दस महीने से ज्यादा समय से जातीय हिंसा में झुलस रहे मणिपुर में नेतृत्व परिवर्तन की मांग काफी समय से की जा रही थी। परंतु मोदी – शाह की राजनीति में मंत्री की असफलता को कभी इस्तीफा देने का कारण नहीं मन गया ! फिर क्या हुआ की मणिपुर के मुख्यमंत्री से बीजेपी हाईकमान ने अचानक इस्तीफा ले लिया? बताया जा रहा है की सत्तारूढ़ बीजेपी के विधायकों ने मुख्यमंत्री के विरुद्ध अचानक अविश्वास व्यक्त किया! कहा जाता है की सत्तारूढ़ दल के 30 विधायकों ने दिल्ली में कहा था की अगर्बीरेन् सिंह को नहीं हटे जाता तब वे अगले विधान सभा सत्र में कांग्रेस के अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करेंगे! विधायकों के रुख को देखते हुए नेता द्वय ने्बीरेन् सिंह को इस्तीफा देने को कहा!

परंतु अंदर की खबर हैं की प्रधान मंत्री अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की नाराजगी नहीं मोल लेना चाहते थे। इसलिए उन्होंने ईसाई कूकियों के ऊपर हुए अत्याचार की खबरों को खत्म करने की नजर से्बीरेन सिंह को हटा दिया। उनके इस्तीफे की मांग कूकी आदिवासी समुदाय 3 मई 2023 से कर रहा, जब उनके मार्च पर मैतेई समुदाय के लोगों द्वारा हमला किया गया। कूकी लोग मैतेई समुदाय को आदिवासी का आरक्षण दिए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प धर्म के मामले में अत्यधिक संवेदनशील है। उन्होंने व्हाइट हाउस में एक फेथ आ?फिस खोले जाने का आदेश दिया हैं। जिसकी प्रमुख इवेंगलिस्ट पौला व्हाइट हैं। अब इसी एक निर्णय से समझा जा सकता है की ट्रम्प अपने धर्म को लेकर कितने संवेदनशील है, जबकि अभी तक हुए सभी राष्ट्रपति धर्म को नितांत निजी मसला मानते रहे हैं। ट्रम्प द्वारा भारत के अवैध आप्रवासियों को जिस तरीके से हथकड़ी और बेदी लगा कर स्वदेश भेजा, उससे भी भारतवासी नाखुश हैं।

परंतु नरेंद्र मोदी जी को ट्रम्प की प्रसन्नता मोल लेने के लिए विरेन सिंह की कुर्बानी देनी पड़ी। इसलिए यह समझना की मणिपुर में 20 माह से हो रही अशान्ति और जातीय झगड़े के कारण सत्तारूद दल ने अपने मोहरे की कुर्बानी दी है गलत होगा। गौरतलब है कि मणिपुर में कूकी आदिवासी, ना केवल अल्पसंख्यक है वरन वे ईसाई धर्मावलम्बी है। जबकि मतेई सनातनी है। माना जाता हैं की दिल्ली की सरकार के नेताओं की हिन्दू राष्ट्र के समर्थन की नीति के कारण ही 21 महीने तक राज्य में हिन्सा का तांडव होता रहा, और प्रारंभ में गृह मंत्री अमित शाह का दौरा हुआ था। उसके बाद सत्तारूद दल ने दंगा ग्रस्त मणिपुर को अपने हाल पर छोड़ दिया। काँग्रेस नेता राहुल गांधी दो दिन के दौरे पर वनहा गए थे और उन्होंने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी से आग्रह किया था की वे मणिपुर जाए और वनहा शांति स्थापना का प्रयास करे। परंतु चुनावी सफलता के मद में चूर दिल्ली सरकार को राजनीति ज्यादा पसंद थी शांति व्यवस्था की परवाह कम थी। इसी दौरान सैकड़ों लोगों की हत्या और बलात्कार तथा आगजनी की घटनाए हुई। कहा जाता है की ईसाई समुदाय के चर्चों को भी आग के हवाले किया गए।

राष्ट्रपति ट्रम्प का ईसाई धरम से लगाव इसी बात से आँका जा सकता हैं की उन्होंने इतिहास मे पहली बार व्हाइट हाउस मे आस्था अथवा फैथ का कार्यालय खोला है। जिसकी प्रमुख्इवेंगलिस्ट् पौला व्हाइट है। अब सहज ही समझ जा सकता है की ट्रम्प का ईसाई धर्म के प्रति कितना लगाव हैं। ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल पाम बोनडी को आदेश दिया हैं की वे एक कार्यदल का गठन करे जो अमेरिका में ईसाइयों के शोषण को रोकने का प्रयास करे। अब इन हालातों मेंबीरेन् सिंह का जाना तो निश्चित था। क्यूंकी ईसाई कुकी आदिवासियों के प्रति हुए अत्याचार की कथा अमेरिका तक तो पहुंच ही गई है।

13FAR-25- FATVA:13FAR-25- FATVA.qxd 13-Feb-25 11:17 AM Page 3



## न्यूज ब्रीफ

### केरल के साहित्यकार इन्दौर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में होंगे शामिल

**इन्दौर।** श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति और भाषा समन्वय वेदी, केरल के संयुक्त तत्वावधान में 16 फरवरी को सुबह 10:30 बजे से भारतीय ज्ञान परंपरा में अनुवाद चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए केरल के 19 साहित्यकारों का समूह डा आरसु के नेतृत्व में 14 फरवरी को इंदौर पहुंचेगा। श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति के कार्यवाहक प्रधानमंत्री घनश्याम यादव, प्रबंध मंत्री अरविंद ओझा और प्रचार मंत्री हरेराम वाजपेयी के अनुसार, 14 फरवरी को सभी साहित्यकारों का सम्मान होगा। अगले दिन 15 फरवरी को दल शहर के प्रमुख स्थानों का भ्रमण करेगा, इसके साथ ही निजी महाविद्यालयों में सम्मान होगा। राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के संयोजक डा पुष्पेन्द्र दुबे ने बताया कि 16 फरवरी को श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी होगी। संगोष्ठी की मुख्य अतिथि सहायक निदेशक राजभाषा प्रज्ञा द्विवेदी होंगी। उद्घाटन सत्र में केरल के डा अनीश सीरियक द्वारा संपादित मध्यप्रदेश के कहानीकार पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा डा दुबे के अनुसार, संगोष्ठी के एक सत्र में दक्षिण भारतीय भाषाएं, अनुवाद और देवनागरी लिपि और दूसरे सत्र में दक्षिण भारतीय साहित्यकारों का हिंदी के योगदान पर शोधार्थी पत्रों का वाचन करेंगे।

### सीएम हेल्पलाइन आवेदनों का निराकरण निराकरण नहीं होने पर वेतन आहरण नहीं

**विदिशा।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सीएम हेल्पलाइन के विभागीय नोडल एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री रमेश चैहान ने संजय सागर परियोजना, वाह नदी संभाग कार्यापालन यंत्री को पत्राचार कर अधीनस्थ चारों एसडीओ को पत्र जारी कर उन्हें सचेत किया है कि अगर सीएम हेल्पलाइन के लंबित आवेदनों का संतुष्टि पूर्वक समाधान नहीं किया गया तो अगामी माह का वेतन भुगतान हेतु आहरण नहीं किया जाएगा इसके लिए स्वयं जुम्मेवार होंगे।कार्य पालन यंत्री श्री चैहान ने बताया कि जलसंसाधन विभाग में कुल 97 शिकायतें लंबित है जिसमें ग्रेडिंग माह की 71 शिकायतें एवं 50 दिवस से अधिक की 26 शिकायतें सम्मिलित हैं। अनुविभाग वार लंबित आवेदनों की जानकारी तदनुसार जल संसाधन उपसंभाग शमशाबाद एसडीओ श्री राजेन्द्र कौशल के कार्यों क्षेत्रों से संबंधित कुल 60 शिकायती आवेदन लंबित है।जल संसाधन उपसंभाग गंजबासौदा के अनुविभागीय अधिकारी श्री जी.पी. राजे के कार्य क्षेत्रों की कुल 26 शिकायतें लंबित है।जल संसाधन उपसंभाग सिरोंज के अनुविभागीय अधिकारी श्री कमलेश कुमार के कार्यों से संबंधित 09 आवेदन लंबित है।जल संसाधन उपसंभाग कुरवाई की अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती अम्रता सिंघई के कार्य क्षेत्र से संबंधित कुल दो शिकायती आवेदन लंबित है। इसी प्रकार संजय सागर परियोजना, वाह नदी संभाग गंजबासौदा के कार्यक्षेत्र अंतर्गत सम्मिलित विदिशा, ग्यारसपुर एवं गुलाबगंज ब्लाक की ग्रेडिंग माह की शेष 08 शिकायतें एवं 50 दिवस से अधिक की कुल 02 शिकायतें लंबित हैं, जिनके शत-प्रतिशत निराकरण करने का लक्ष्य आगामी टी. एल. बैठक के पूर्व रखा गया है।लक्ष्य के अनुसार शिकायतों के संतुष्टि पूर्वक निराकरण न होने पर आगामी माह का वेतन आहरित न होने की स्थिति के लिये संबंधित अधिकारी की जबावदारी होगी।अत: उक्त शिकायतों के लक्ष्य अनुसार संतुष्टि पूर्वक निराकरण आगामी टी.एल बैठक के पूर्व कराना सुनिश्चित करें।

### जिले की गौशालाएं आत्म निर्भरता की ओर अग्रसर

विदिशा। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के द्वारा जिले की सभी गौशालाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए विशेष पहल की जा रही है। उन्होंने चरनोई भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से लेते हुए अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि संबंधित गौशाला से टाइअप करते हुए विमुक्त कराई गई भूमि पर गौशाला संवर्धन के कार्य खासकर हराचारा उत्पादन के लिए कराए जाने हेतु गौशालाओं को घास की बीज भी उपलब्ध कराए जा रहे है। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने विगत दिनो ग्यारसपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कोलुआधामनोद की गौशाला का निरीक्षण किया था और गौशाला को आत्म निर्भर बनाने के लिए विशेष पहल सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देशो के अनुपालन में की गई कार्यवाहियों की जानकारी देते हुए ग्यारसपुर जनपद पंचायत के सीईओ श्री जितेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि गौशाला के गोबर से गौकाष्ट प्लांट तैयार किया गया है वहीं पहले से वर्मीकम्पोज्ट प्लांट क्रियाशील हैं भविष्य में गोबर से विभिन्न कलाकृतियों को बनाए जाने हेतु गौशाला से संवंद्ध समूह के महिला सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि ग्राम पंचायत

# सतना: गांव की बेटी को बॉलीवुड से मिले 45 लाख के दो प्रोजेक्ट

संवाददाता ➤ सतना



2024 में दिल्ली में आयोजित मिस टीन इंडिया क्वीन टीनएज कॉन्टेस्ट में जीत हासिल कर सतना की मीनाक्षी सिंह ने देश भर में प्रदेश एवं सतना जिले का नाम रोशन किया था। इसके बाद मीनाक्षी सिंह इंदौर में रहकर लगातार मॉडलिंग शोज एवं ग्रूमिंग क्लासेस आयोजित करती रहीं। मीनाक्षी को आदि योगी फिल्म प्रॉडक्शन ने 2 बड़े प्रोजेक्ट्स ऑफर किए हैं, जिनमें एक मूवी 'माधवा द लॉर्ड ऑफ नॉलेज' तथा दूसरी 'ए हॉन्टेड थियेटर' है।बॉलीवुड से इन दो प्रोजेक्ट के लिए 45 लाख रुपए का ऑफर दिया गया है। मीनाक्षी ने बताया कि मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर और ऐश्वर्या राय से प्रभावित होकर फैशन के क्षेत्र में करियर बनाने की ठान ली थी। इसके लिए एक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन फार्म अप्लाई किया। वेबसाइट ने इंटरव्यू कराया और ऑनलाइन कोचिंग भी दी। मीनाक्षी को फिल्मी कलाकार सोनी सिंह ने ताज पहनाया था।

#### माता-पिता की इकलौती संतान

1 सितंबर 2007 को जन्मी मीनाक्षी सिंह ने बताया कि वे सतना जिला अंतर्गत जैतवारा के समीप ग्राम नयागांव की रहने वाली हैं। पिता सत्यभान सिंह ठेकेदार और मां कीर्ति सिंह जनपद सदस्य हैं। मीनाक्षी अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं।

#### प्रतिभा को दबाना नहीं चाहिए

मेरा मानना है कि, बेटा हो या बेटी कोई फर्क नहीं पड़ता। प्रतिभा को दबाना नहीं चाहिए। मीनाक्षी हमारी इकलौती संतान है, हमने हमेशा उसकी च्वाइस का सम्मान किया। करियर को लेकर हमारी तरफ से कोई बंदिश नहीं है। -सत्याभान सिंह, पितामुझे बड़ी खुशी है कि हमारी बेटी को बॉलीवुड में काम करने का अवसर मिल रहा है। यह उसकी मेहनत और काम के प्रति समर्पण का नतीजा है। मैं चाहती हूं कि वह दिन दूनी रात चौगुनी उन्नति करे।

-कीर्ति सिंह, मांमुझे भगवान पर पूरा भरोसा है। बॉलीवुड से मुझे दो प्रोजेक्ट ऑफर हुए हैं, जिससे काफी खुशी महसूस हो रही है। **-मीनाक्षी सिंह**

### दूसरी बार सिग्नल तोड़ते ही गाड़ी होगी जब्त, बार-बार सिग्नल तोड़ा तो लाइसेंस हो जाएगा रद्द

इन्दौर । यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले और बार-बार सिग्नल तोड़ने वालों के खिलाफ इन्दौर यातायात पुलिस अब सख्ती दिखाने वाली है। वाहन चालक द्वारा दूसरी बार सिग्नल तोड़ते ही सूचना पुलिस को ऑटोमैटिक ही वायरलेस सेट पर मिल जाएगी। साथ ही यह लोकेशन भी मिलेगी कि सिग्नल तोड़ने वाला वाहन किस चौराहे से निकला है। इसके बाद गाड़ी को जब्त कर लिया जाएगा। अभी सिग्नल तोड़ने वाले चालकों को पकड़ने के लिए टीम मैन्युअली काम करती है और उसमें सबसे बड़ी कमी ये है कि कोई गाड़ी लगातार सिग्नल तोड़ रही है तो उसकी सूचना देर से मिलती थी। ऐसा सिस्टम बनाया जा रहा है कि किसी वाहन ने लगातार दूसरे चौराहे पर गलती की तो उसकी सूचना तुरंत सेट पर पहुंचेगी। हर चौराहे पर तैनात ट्रैफिक जवान उस गाड़ी को पकड़ेंगे। इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ढ्ढञ्जरूस्) में ऐसे ही कुछ अपडेट करने के लिए दिल्ली की टीम काम कर रही है। बताया जा रहा है कि 90 दिन में यह अपडेशन हो जाएगा। शहर के 14 चौराहों पर लगे ढ्ढञ्जरूस् में यह जरूरी बदलाव होंगे। अफसरों ने बताया कि लगातार 5 ई-चालान वाले वाहनों पर कार्रवाई के लिए आरटीओ को पत्र लिखना पड़ता था। कुछ महीने बाद ये प्रोसेस ऑटोमैटिक हो जाएगी। यानी जैसे ही किसी वाहन के 5 चालान बने तो इसकी जानकारी ऑनलाइन आरटीओ विभाग में पहुंच जाएगी। वहां से ऑटोमैटिक वाहन के इंश्योरेंस या चालक के लाइसेंस रद्द हो जाएंगे।

ज्ञात हो कि इन्दौर के जिन चौराहों पर ढ्ढञ्जरूस् सिस्टम लगा है वे है एलआईजी, रसोमा, स्कीम 78, इंदिरा प्रतिमा चौराहा, लक्ष्मी बाई प्रतिमा चौराहा, टाटा स्टील चौराहा, पल्हर नगर, रामचंद्र नगर, होमगार्ड चौराहा, पीपल्याहाना, बॉम्बे हॉस्पिटल, बंगाली, पत्रकार चौराहा और गिटार चौराहा।

### ग्वालियर व्यापार मेले में आग : 2 दुकानें जलीं, ??5 से ज्यादा दुकानें हुई प्रभावित

ग्वालियर। ग्वालियर व्यापार मेले में आग से 2 दुकानें जल गईं । जबकि 5 दुकानें भी प्रभावित हुई हैं।घटना की सूचना मिलते ही दमकल दस्ता मौके पर पहुंचा। 9 फायर बिग्रेड ने पानी डालकर आग पर काबू पाया है। 10 और 14 नंबर दुकानों के बीच आग लगी थी। दुकानों के पीछे भाग में संभवत: शार्ट सर्किट से आग लगी थी।काली गारमेंट और एक खिलौने की दुकान में शाम करीब 4:30 से 5 बजे की बीच में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई थी, गारमेंट और खिलाड़ी की दुकान में रखा लाखों का माल जलकर पूरी तरह से राख हो गया है, खिलौने और गारमेंट दुकान के पीछे बने गोदाम में रखा माल पूरी तरह से जल गया, इसके अलावा पांच दुकान भी आग के कारण प्रभावित हुईं । आग लगने की सूचना लगते ही पुलिस, प्रशासन और फायर ब्रिगेड दमकल के कर्मचारी मौके पर जा पहुंचे थे।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में 100 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**छतरपुर।** मंगलवार को कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार, डिप्टी कलेक्टर श्री आयुष जैन एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त 100 आवेदनों के निराकरण में गंभीरता बरतें और प्राथमिकता से निराकरण करें। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। तत्पश्चात कलेक्टर ने दिव्यांगों की सुनवाई अलग से की। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकायबाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए।

### निशुल्क परामर्श सेवाए दी

## जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

संवाददाता ➤ इन्दौर



स्व. प्रेमाबाई जैन की पुण्य स्मृति मे गुरुकुल पब्लिक स्कूल कुशवाहा नगर पर जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन, चोइथराम नेत्रालय और शेल्बी हास्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ शिविर आयोजित किया। अनोखी लाल जैन व ग्रुप अध्यक्ष चंद्र कुमार फतेहपुरीया ने बताया कि शिविर में 210 मरीजों ने लाभ लिया 24 मरीजों का मोतियाबिंद आपरेशन हेतु चयन किया गया। शेल्बी हास्पीटल द्वारा वीपी, शुगर, कैंसर की जांच की गई। डा. नीमेश दाहिमा कैंसर रोग विशेषक रिद्धिमा औझा, डा. आजाद चौबे ने मरीजो को निशुल्क परामर्श सेवाए दी। बता दें कि संस्था समय-समय पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों र आयोजित करती है।

## महिंद्रा इलेक्ट्रिक ओरिजन एसयूवी की लांचिंग आज



जबलपुर। महिंद्रा बीई 6 और एक्सईवी 9 ई का लॉन्च इवेंट 12 फरवरी को स्टार ऑटोमोबाइल्स एम.पी. लिमिटेड, नागपुर रोड, त्रिपुरी चौक, गढ़ा, जबलपुर में 5 बजे से आयोजित किया जा रहा है। इस एतिहासिक लॉन्च इवेंट में शामिल होकर नई इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी का अनुभव करें। लॉन्चिंग में स्टार ऑटोमोबाइल्स के डायरेक्टर दुष्यंत सिंह व रेवत सिंह, सीईओ ललित किशोर, जनरल मैनेजर शैलेंद्र पांडेय,महिंद्रा एंड महिंद्रा के साथ स्टार ऑटोमोबाइल्स परिवार ने आप सभी से लांचिंग पर उपस्थित होने की अपील की है ।

## लारेल्स स्कूल इंटरनेशनल में अंतरराष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन अकादमी का उदघाटन हुआ




संवाददाता ➤ इन्दौर

लारेल्स स्कूल इंटरनेशनल में बैडमिंटन अकादमी का उदघाटन पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी और पूर्व राष्ट्रीय विजेता सौरभ वर्मा एवं धार के बैडमिंटन प्रशिक्षक सुधीर वर्मा ने किया। राष्ट्रीय बैडमिंटन रेफरी और प्रशिक्षक, सरताज अकादमी के प्रबंध निदेशक धर्मेश यशलहा, विजय सोहनी, थाना प्रभारी संजु कामले आदि विशेष अतिथि के रुप में मौजूद थे। लारेल्स स्कूल इंटरनेशनल की निदेशक जया चाको और जेनिफर चाको, प्रशासक और खेल प्रमुख अखिल एस नायर एवं प्राचार्य तारा नायर ने अतिथियों का स्वागत और अभिवादन किया, दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद सभी अतिथियों ने बैडमिंटन खेलकर नये बैडमिंटन हाल का उद्घाटन किया, ब्राजील वूडन के तीन कोर्टस अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया गया है, इस अवसर लारेल्स ट्राफी विद्यालयीन बैडमिंटन स्पर्धा का आयोजन लारेल्स खेल अकादमी ने 11 से 13 फरवरी तक किया है, जिसमें 9, 11, 13 और 15 वर्ष आयु के बालक और बालिका वर्ग के मुकाबले हो रहे हैं, इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सह सचिव धर्मेश यशलहा स्पर्धा के मुख्य निर्णायक है।

**कई बार इस प्रकरण के संबंध में शासन स्तर पर भी चर्चा की जा चुकी है।**

# इंदौर-सनवाद रेल परियोजना में दो गुना पौधे लगाने होंगे:388 हेक्टेयर भूमि की जरूरत, परियोजना में 454 हेक्टेयर वन भूमि होगी प्रभावित

संवाददाता ➤ उज्जैन

इंदौर को सीधे खंडवा से जोड़ने वाली इंदौर-सनावद रेलवे लाइन गेज परिवर्तन को लेकर अब वन विभाग ने भी सक्रियता दिखाई है। दरअसल, चल रहे काम में मुक्तियारा-बलवाड़ा के बीच काटे जाने वाले पेड़ों की जगह उसकी तुलना में 10 गुना पेड़ लगाना है। जिसके लिए जगह की जरूरत है।इंदौर के मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय) को एचएस मोहंता अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने पत्र लिखा है। जिसमें एक माह में कार्रवाई करने के लिए कहा है। पत्र में यह भी लिखा है कि इस प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग सीधे पीएमओ से हो रही है। कई बार इस प्रकरण के संबंध में शासन स्तर पर भी चर्चा की जा चुकी है।वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 3 फरवरी को लिखे पत्र में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक मोहंता ने कहा कि इंदौर डीएफओ ने जानकारी दी है कि इस योजना में 454.127 हेक्टेयर वनभूमि प्रभावित हो रही है।

जिसमें से इंदौर वन मंडल की 407.922 हेक्टेयर एवं बड़वाह वन मंडल की 46.2050 हेक्टेयर जमीन है।




भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार इस तरह प्रकरणों में दो गुने वन क्षेत्र में रोपण किया जाना है। इस प्रकरण में प्रभावित वन भूमि 454.127 हेक्टेयर का दुगना 909.00 हेक्टेयर रोपण के लिए दोगुने बिगड़े वन क्षेत्र की जरूरत होगी।

#### एक माह में प्रस्ताव भिजवाएं

इंदौर के डीएफओ ने अपने पत्र में बताया है कि झाबुआ वन मंडल में 571 हेक्टेयर की रोपण योजना तैयार करा ली गई है। शेष 338 हेक्टेयर बिगड़े वन क्षेत्र चयन की आवश्यकता है। योजना जल्द तैयार करवाएं।

एक माह में समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए प्रस्ताव इस कार्यालय को भिजवाएं, ताकि प्रकरण में स्वीकृति प्राप्त करने की कार्रवाई की जा सके।

#### जंगलों से गुजरेगी लाइन

नई रेलवे लाइन इंदौर, महू, चोरल, बड़वाह व खरगोन के जंगलों से गुजरेगी। नई रेलवे लाइन परियोजना के लिए इंदौर वन विभाग के अधीन इंदौर, महू, चोरल की 300 से ज्यादा हेक्टेयर जमीन वन विभाग दे रहा है।नई रेलवे लाइन डालने के लिए जितने पेड़ कटेंगे, उसकी क्षतिपूर्ति के लिए इंदौर वन विभाग को रेलवे 10 गुना पेड़ लगाने के लिए भारी-भरकम राशि देगा, मगर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इंदौर वन विभाग को शासन 10 गुना ज्यादा जमीन इंदौर जिले में कहां से

# कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ में फाइलेरिया रोधी सामूहिक दवा सेवन अभियान कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता ➤ टीकमगढ़**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार अपने राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीवीबीडीसी) के माध्यम से मनुष्यों में लिम्फैटिक फाइलेरिया (एलएफ) रोग को खत्म करने के लिए वर्ष में दो बार 10 फरवरी और 10 अगस्त को मिशन मोड में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) का आयोजन करता है। 10 से 25 फरवरी 2025 तक निर्धारित एमडीए अभियान का पहला चरण देश के 109 जिलों में चलाया जारहा है।

इसी तारतम्य मे कृषि विज्ञान केंद्र, टीकमगढ़ में प्रधान वैज्ञानिक एवम प्रमुख डॉ. वीरेन्द्र सिंह किरार के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य समिति (व्ही.बी.डी.सी.पी.) जिला टीकमगढ़/ निवाड़ी (म.प्र.) के सहयोग से डॉ. सतेन्द्र कुमार, वैज्ञानिक (मात्स्यिकी) के नेतृत्व मेआज फाइलेरिया रोधी सामूहिक दवा सेवन (एम.डी.ए.) अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस



कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में फाइलेरिया के प्रसार को रोकना और समाज को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना है।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, और स्थानीय किसानो ने भाग लिया। इस अवसर पर फाइलेरिया बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाई गई और दवा सेवन के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कृषि विज्ञान केंद्र केडॉ. सतेन्द्र कुमारने कहा कि फाइलेरिया संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है। मच्छरदानी का प्रयोग करें ।इस बीमारी से बचने के लिए सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में भाग लेना और नियमित रूप से दवा का सेवन करना आवश्यक है।

डॉ. आर.के. प्रजापति,वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, टीकमगढ़ ने बताया किफाइलेरिया रोकने के लिए अपने आस पास साफ सफाई रखें एवं गंदे पानी का भराव न होने दें तथा सेप्टिक टैंक की मुहाने / पाईप पर जाली लगायें। प्रति सप्ताह गंदे पानी की नालियों व गड्ढ़ों में जला हुआ इंजन ऑयल / अन्य ऑयल डालें।

स्वास्थ्य विभाग के डा. रावत, जिला स्वास्थ्य समिति (व्ही.बी.डी.सी.पी.), जिला टीकमगढ़ / निवाड़ी (म.प्र.)ने बताया कि जिले के प्रभावित के हाई रिस्क क्षेत्र में फाइलेरिया नियंत्रण के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने समाज से इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने और दवा का सेवन करने की अपील की।

डा. सुनील कटियार, जिला समंवयक, जन अभियान परिषद, टीकमगढ़ने बताया कि यह दवा सुरक्षित और प्रभावी है और इसका कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं होता है।फाइलेरिया के लक्षण हाथ और पैर की सूजन (हाथीपॉय) व हाइड्रोसिल (अण्डकोष का सूजन) स्तन ग्रांथियों में सूजन, त्वचा का लाल होना और हल्का बुखार आना है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वामी नरसिंह देवाचार्य का महाकुंभ से आगमन आज

**सूपाताल से निकलेगी स्वागत यात्रा**

जबलपुर। नरसिंह पीठाधीश्वर स्वामी नरसिंह दास का प्रयाग राज महाकुंभ में पट्टाभीषेक होने के बाद जगदगुरु नरसिंह देवाचार्य के अवतार में आज 13 फरवरी गुरुवार को को दोपहर 3 बजे नगर आगमन होने जा रहा है. इस अवसर पर सनतन धर्म महासभा सहित अन्य धार्मिक संस्थाओं द्वारा स्वागत यात्रा का आयोजन किया गया है. यह यात्रा बंजरग मठ मानस मंदिर सूपाताल से प्रारंभ होकर मदन महल चौक होते हुए शंकराचार्य चौक से नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज पहुंचेगी, जहां महाप्रसाद भंडारे के साथ शोभायात्रा का विश्राम होगा।

श्री सनातन धर्म महासभा के आचार्य वासुदेव शास्त्री,अध्यक्ष श्याम साहनी महासभा के अशोक मनोध्या, गुलशन माखीजा, चंद्र कुमार भनोत,लकी भाटिया, सुनीता चावला ,अंजू भार्गव, अनिल तिवारी,बाबू विश्व मोहन, आभा दीपक साहू, रजनी कैलास साहू, प्रतिभा विध्येश भापकर, डॉ पवन स्थापक सतेन्द्र शर्मा आदि ने आरती पुष्प वर्षा कर महाराज जी का स्वागत वंदन करने का आग्रह किया है।

### हाई कोर्ट ने कलेक्टर को शपथ पत्र पेश करने अंतिम अवसर दिया

**सीएम के कार्यक्रम में निगमायुक्त द्वारा बसों में डीजल भरवाने का मामला**

जबलपुर। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मुख्यमंत्री के सम्मान कार्यक्रम के लिए लगी बसों में निगमायुक्त द्वारा डीजल भरवाए जाने के मामले में कलेक्टर, जबलपुर को शपथ पत्र पेश करने 25 फरवरी तक की अंतिम मोहलत दे दी है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि इस बीच शपथ पत्र पेश नहीं किया गया तो कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर स्पष्टीकरण देना होगा।

किस कानून में लिखा है सीएम कार्यक्रम के लिए निगमायुक्त बसों में डीजल भरवाएं

इस मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने पूछा था किस कानून में यह प्रविधान है कि मुख्यमंत्री के सम्मानार्थ आयोजित कार्यक्रम के लिए निगमायुक्त बसों में डीजल भरवाएं। इस सिलसिले में जबलपुर के कलेक्टर शपथ पत्र पर अपना जवाब प्रस्तुत करें। कोर्ट ने प्रथमदृष्ट्या सार्वजनिक धन के गोलमाल के आरोप को गंभीर प्रकृति का निरूपित करते हुए यह निर्देश दिया था। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा था कि याचिकाकर्ता अब याचिका वापस लेने का हकदार नहीं होगा।

क्या है मामला याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी सुगम चंद्र जैन की ओर से अधिवक्ता आशीष रावत ने दलील दी कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम के लिए अधिग्रहित की गई बसों में भरे गए डीजल का अब तक भुगतान नहीं किया गया है। याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता को अवगत कराया गया कि डीजल भरने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कोई आदेश जारी नहीं किया गया था।

### शहर में शिशु आहार केन्द्र बनाने की मांग

जबलपुर। आबादी के लिहाज से राज्य के दूसरे सबसे बड़े शहर जबलपुर में माताओं को शिशुओं को स्तनपान कराने के लिए कहीं कोई सुरक्षित स्थान नहीं है। ऐसे में जरूरी है कि नगर निगम मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारे, चर्च के साथ ही कलेक्ट्रेट, नगर निगम, स्टेशन, दरगाहों, आश्रम आदि सार्वजनिक स्थानों पर शिशु आहार केन्द्र स्थापित करे, जहां माताएं निःसंकोच सुरक्षित वातावरण में शिशुओं को स्तनपान करा सकें. मानव अधिकार व अपराध नियंत्रण संगठन के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने महापौर जगत बहादुर सिंह को ज्ञापन सौंपकर शिशु आहार केन्द्र हेतु चिंहित स्थानो की सूची सौंपी. इस मौके पर एड. आशीष त्रिपाठी, डा. अश्विनी पाठक आदि उपस्थित रहे.

### ट्रेन हादसे के शिकार 2 वृद्धों के शव परिजनों को सौंपे

जबलपुर। ट्रेन हादसे में शिकार हुए दो बुर्जुगों के शव मोक्ष संस्था ने उनके परिवारजनों को सुपुर्द किए। मोक्ष संस्था के प्रमुख आशीष ठाकुर ने बताया कि रेलवे से उन्हें सूचना मिली थी कि दो वृद्ध ट्रेन से टकराकर कालकवलित हो गए। एक वृद्ध प्रयागराज से लौट रहे थे तो दूसरा पेंशन लेने बैंक जा रहे थे। रेलवे से

**डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।**

# मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में प्रराप्त 56 आवेदनों की हुई सुनवाई

**दुर्गेश बर्मन ➤ डिंडौरी**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी गई। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं के 56 आवेदन प्रस्तुत किये गए, जिनका त्वरित निराकरण किया गया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया, उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। आज जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अनिल कुमार राठौर, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में आज ग्राम खरगहना तहसील बजाग से मनीषा चंदेल ने आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम खरगहना में आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति के संबंध में उचित कार्यवाही कराने की मांग की है। जिस पर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है। इसी प्रकार से आवेदिका अंजू नंदेहा ने अनुग्रह सहायता राशि के लिए अपने पुत्र के आधार कार्ड में संशोधन न होने की समस्या बताई। सरपंच ग्राम पंचायत मडियारास ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए कृषक रामप्रकाश के खेत से विद्युत ट्रांसफार्मर हटवाने की मांग की। हेमराज सिंह ने बताया कि ग्राम सिमरिया में मेरे द्वारा पूर्व में धान एवं आटा चक्की हेतु विद्युत कनेक्शन कराया गया था जिसे 4 माह पूर्व अधिकारियों की उपस्थिति में कनेक्शन हटवा दिया गया है बावजूद इसके अभी भी विद्युत बिल भेजा जा रहा है उन्होंने बिजली बिल बंद करवाने की मांग की। आवेदक महेन्द्र कुमार निवासी ग्राम गुरूमगांव ने बताया कि उसके नाम से स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास भवन की भुगतान राशि किसी अन्य व्यक्ति के खाते में



जमा होती है, उन्होंने उक्त समस्या का निराकरण कर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि का भुगतान कराने की मांग की। ग्राम ढोढा निवासी अनिल साहू ने राशन पात्रता पर्ची बनवाने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। ग्राम पंचायत कोको निवासी आवेदिका राजेश्वरी परस्ते ने प्रसूति सहायता राशि दिलाने की मांग की। जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई में आज राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

## मंडला प्रशासन को जीतू पटवारी का अल्टीमेटम,घुघरी स्ष्ठरूपर कार्रवाई की मांग,बोले-नल जल योजना में 65 प्रतिशत भ्रष्टाचार




**अनवर खान ➤ मंडला**

मंडला जिले के घुघरी एसडीएम के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में प्रदर्शन कर प्रशासन से 24 घंटे के अंदर कार्रवाई की मांग की,वही पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके पर जमकर निशाना साधा।वीओ-मंडला जिले के घुघरी क्षेत्र में हुई घटना ने राजनीतिक गर्मी पैदा कर दी है। इस घटना में स्ष्ठरू और कांग्रेस विधायक नारायण सिंह पट्टा के परिवार के बीच विवाद हुआ था। इस मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंडला में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और मंडला विधायक निवास से एक रैली के रुप में कलेक्ट्रेट पहुंचे,जहां कलेक्टर सुमेश मिश्रा और जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में जीतू पटवारी ने इस मामले को गंभीरता से लेने और उचित कार्यवाही करने की मांग की।

वीओ-वही पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा की प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है,इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी। वही जीतू पटवारी ने कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके पर जमकर निशाना साधा और कहा की नल जल योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

कांग्रेस रैली में स्थानीय विधायक के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए।

# ध्यान मोबाइल पर, हाथों में स्टेयरिंग कैसे सुरक्षित रहे जान

**संवाददाता ➤ जबलपुर**

एक बस चालक एक सैंकड़ा जान का जिम्मेदार होता है. आधा सैंकड़ों वो जो बस में बैठे हैं, आधा सैंकड़ा वो सड़क पर बस के आसपास वाहन चला रहे हैं. लेकिन ऐसे ड्राईवर भी जिन्हें किसी जान की फिक्र नहीं. ऐसे ही एक ड्रायवर का वीडियो जबलपुर में वायरल हो रहा है. ड्रायवर मोबाईल पर रील देखते हुये, मेट्रो बस चला रहा है. यह वीडियो किसी यात्री ने बनाया है,

इसमें एक बस का ड्राइवर रील देखते हुए बस चला रहा है. इस दौरान वह स्टेरिंग भी संभाल रहा है और गियर भी बदल रहा है. लेकिन अपनी इस होशियारी में उसने 50 से ज्यादा बस के भीतर बैठे हुए लोगों की जान खतरे में डाली और सड़क पर चलने वाले लोगों को भी खतरा पैदा किया.

**नौकरी से हटाए जाएगें ऐसे ड्राइवर..**

जबलपुर शहर में मेट्रो बस का संचालन नगर निगम करता है. इस मामले में नगर निगम के मेट्रो बस संचालक गतिविधि को देखने वाले अधिकारी सचिन विश्वकर्मा ने बताया कि नगर निगम पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के मॉडल पर मेट्रो बस का संचालन करवा रहा है. इसमें बस के भीतर का स्टाफ रखने का काम ठेकेदार का है. बस ठेकेदार ही नगर निगम बस मालिकों को प्रति किलोमीटर के हिसाब से पेमेंट करता है. इसलिए इस शिकायत पर वे ठेकेदार के माध्यम से कार्यवाही करवाएंगे. सचिन विश्वकर्मा का कहना है कि यह बड़ी लापरवाही है और ऐसे ड्राइवर को तुरंत

## आरक्षक भर्ती के लिए रोजगार कार्यालय का जीवंत पंजीकरण आवश्यक नहीं

**सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश पर लगाई मुहर**

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को उचित निरूपित किया, जिसके जरिए व्यवस्था दी गई थी कि पुलिस आरक्षक भर्ती के लिए रोजगार कार्यालय का जीवंत पंजीकरण आवश्यक नहीं है। हाई कोर्ट के आदेश के विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य शासन की विशेष अनुमति याचिका निरस्त कर दी।

मामले की सुनवाई के दौरान आरक्षक पद पर चयनित उम्मीदवारों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नरिंदरपाल सिंह रूपराह ने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं का आवेदन के समय रोजगार कार्यालय का लाइव पंजीकरण कार्ड नहीं होने के कारण उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी गई थी। हाई कोर्ट ने उनके हक में आदेश पारित करते हुए कहा था कि पुलिस आरक्षक पद के लिए उम्मीदवार की पात्रता, योग्यता या

# भेड़ाघाट से निकली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा



**संवाददाता ➤ जबलपुर**

हरे कृष्ण आश्रम भेड़ाघाट हर माह की पूर्णिमा पर निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा माघी पूर्णिमा पर भी निकाली गई।

नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा में हाथों में भागवा ध्वज लिए परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में माघ पूर्णिमा पर 463 वी परिक्रमा संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ सुरेंद्र, स्वामी रामचंद्र दास महाराज स्वामी शीला मुनि उदासीन स्वामी प्रकाशनंद महाराज महेश बाबा फक्कड़ बाबा सुषमा गोस्वामी शरद अग्रवाल के सानिध्य में संकीर्तन करते परिक्रमा यात्री चल रहे थे।

**टिश्यू कल्चर, मसाला उद्योग, ग्रामोद्योग हस्तशिल्पकलां से जुड़ी परियोजनाओं के लिए आवेदन कर सकते है**

# मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजनान्तर्गत आवेदन आमंत्रित

**संवाददाता ➤ टीकमगढ**

म0प्र0 राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम भोपाल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजनान्तर्गत आवेदन आमंत्रित किये जाना है। इस योजनान्तर्गत बेरोजगार युवक-युवतियों उद्योग सेवा, विनिर्माण, कृषि, आधारित परियोजनायें एग्रो प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज, मिल्क प्रोसेसिंग, केटल फीड़, पोल्ट्री फीड, फिश फीड, कस्टम हाईरिग सेंटर, टिश्यू कल्चर, मसाला उद्योग, ग्रामोद्योग हस्तशिल्पकलां से जुड़ी परियोजनाओं के लिए आवेदन कर सकते है।

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजनान्तर्गत अधिकतम अनुदान राशि दो करोड़ रु. की वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। संपूर्ण परियोजना लागत राशि पर अनुदान राशि के रूप में होगी। सूक्ष्म कलस्टर (200 लाभार्थी तक) अधिकतम एक करोड़ रु. तक वृहद कलस्टर (201 से 400 या अधिक) में अधिकतम दो करोड़ रु. तक अनुदान राशि होगी। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजना का लाभ लेने हेतु आवेदक अनुसूचित जाति वर्ग का होना चाहिए तथा जिले का निवासी होना चाहिए।आवेदक की उम्र 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिये तथा आवेदक पूर्व में किसी बैंक या शासकीय संस्था से डिफाल्टर ना हो। आवेदक केवल एक बार योजना का लाभ ले सकता है तथा आवेदक द्वारा योजना से संबंधित परियोजना प्रतिवेदन रिपोर्ट सीए का लगाना अनिवार्य है। योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के समुदाय, विभाग, उर्जा विभाग, तकनीकी कौशल वं उअन्य विभागों से भी आवेदन प्राप्त किये जा सकते हैं।

## भू-स्वामी के आधार से मोबाईल लिंक हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर 13 फरवरी से

*टीकमगढ़ । मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुमार प्रदेश के प्रत्येक भूमि खसरा की भू-स्वामी के आधार से मोबाईल लिंक किया जाना है। इसीक्रम में कलेक्टर श्री विवेक श्रोत्रिय द्वारा जिले में शत-प्रतिशत खसरा-आधार लिंकिग के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु ग्राम पंचायतवार शिविर आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने निर्देशित किया कि शिविरों में कृषकों तथा आमजन के आधार को मोबाईल से लिंक किया जाये। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही करने पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्देशित किया कि एससी, एसटी बहुल्य एवं कम प्रगति वाले ग्रामों में प्राथमिकता से शिविरों का आयोजन किया जाये। तदनुसार 13 फरवरी को टीकमगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत बकपुरा, चरपुवां, गनेशगंज खास, बम्हौरी नकीबन, बड़ागांव धसान तहसील के बड़माडई खास, डूंडा, लक्ष्मनपुरा, ग्राम मिथलाखेरा तथा पंचायत दरी के ग्राम नगारा में, बल्देवगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत वनयानी, बृषभानपुरा, मौने का खेरा, सरकर खालसा, में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार जतारा तहसील की ग्राम पंचायत टांनगा, जरूआ, गरौली, मांची, पठरा तथा किताखेरा में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।इसीप्रकार 13 फरवरी को तहसील मोहनगढ़ की ग्राम पंचायत विजरावन, रामनगर एवं रमपुरा, तहसील पलेरा की ग्राम पंचायत रतवास, रामनगर बुजुर्ग, कंजना एवं लारौन में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। दिगौड़ा तहसील की ग्राम पंचायत लुहरगुंवा तथा लिधौरा तहसील की ग्राम पंचायत चंदेरा तथा छिपरी में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।*

## न्यूज ब्रीफ

### परियोजना अधिकारी निलंबित

रीवा । रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास अमरपाटन नागेन्द्र प्रताप तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं के लिए नागेन्द्र प्रताप तिवारी की ड्यूटी परसवाही स्थित चेक प्वाइंट में रात्रि की पाली में लगायी गयी थी। कमिश्नर द्वारा औचक निरीक्षण किये जाने पर श्री तिवारी कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये गये तथा चेक प्वाइंट में अव्यवस्था मिली। कमिश्नर ने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरतने के आरोप में परियोजना अधिकारी को निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय मैहर नियत किया है।

### तेज म्यूजिक को लेकर तीन पबों पर कार्रवाई

इन्दौर । जिला प्रशासन द्वारा तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर ध्वनि प्रदूषण के तहत विगत दिनों प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए थे जिसके चलते प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसके तहत जिला प्रशासन ने दो पबों और क्लब के खिलाफ इस मामले में विजयनगर थाने केस दर्ज किए हैं। विजय नगर थाना पुलिस के अनुसार अपोलो प्रीमियम टावर के 11वें माले पर स्थित प्यानो क्लब में कार्रवाई करते रंजन चक्रवर्ती पर मामले में केस दर्ज किया है। वहीं क्लब रिवाल्यूशन पब बार में भी पहुंचकर साउंड सिस्टम को लेकर निर्मल गिरि पर केस दर्ज किया । इसी तरह क्लब फर्जी कैफे में पुलिस पहुंची और सौरभसिंह राजूपत के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### वाइन शॉप पर बवाल, सिर पर मारी बोतल, काटा कान

इन्दौर । एमरल्ड हाइट्स स्कूल के पास एबी रोड पर स्थित शराब दुकान के बाहर शराब खरीदने आए युवकों के दो गुटों में विवाद और मारपीट में दो युवक घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल फिर एम वाय अस्पताल पहुंचाया गया। मामला राऊ थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान एक गुट के युवक का दूसरे गुट के युवक ने कान काटकर अलग कर दिया वहीं दूसरे गुट के युवक ने पहले गुट के युवक के सिर पर शराब की बोतल दे मारी। राऊ थाना पुलिस के अनुसार घायल युवकों के नाम शुभम केलवा निवासी शिव सिटी और मनोज पिता भगवान निवासी बिजलीपुर हैं। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि शुभम अपने दोस्त के साथ दुकान पर शराब लेने गया था। वहां पहले से शराब पीकर अपने साथियों के साथ बैठे मनोज से किसी बात को लेकर उसका विवाद हो गया। विवाद के बाद हाथापाई करते मनोज ने शुभम के कान को काट लिया। जब उसने देखा कि उसके कान का हिस्सा अलग हो गया तो उसने शराब की बोतल से उस पर हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों की और से क्रास रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया गया

#### कार्यशाला सम्पन्न- स्कूली बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट के संबंध में दी गई जानकारी

इंदौर । भारत सरकार के निर्देशानुसार फरवरी माह के द्वितीय मंगलवार पर 11 फरवरी को आज सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया गया। इस वर्ष भारत सरकार द्वारा सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर टुगेदर फॉर द बेटर इंटरनेट थीम पर इस दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंदौर में शासकीय मालव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के संबंध में जागरूकता लाना है। इस आयोजन में एनआईसी के निदेशक श्री शैलेंद्र कुमार नाहर, डीआईओ श्रीमती शीतल पाठक, आरसीबीसी लीड ट्रेनर श्री अतुल पांडे ने उपरोक्त विषय पर छात्राओं से परिचर्चा कर सुरक्षित इंटरनेट एवं इससे जुड़ी अन्य जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### नवनियुक्त जिला भाजपा अध्यक्ष चावड़ा ने पदभार ग्रहण किया

इन्दौर। विगत 30 जनवरी को नवनियुक्त इन्दौर भाजपा ग्रामीण क्षेत्र के अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने नियुक्ति के बाद आज शुभ मुहूर्त में प्रदेश प्रभारी महेंद्रसिंह की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया। बताया जा रहा है कि शुभ मुहूर्त के चलते औपचारिक रूप से कार्यभार संभालने का कार्यक्रम टलता जा रहा था उसके बाद कल उन्होंने शुभ मुहूर्त में पहले कार्यालय में पूजा-पाठ की और आज पदभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।

### दुर्लभ मुद्राओं के प्रदर्शन का मुद्रा उत्सव 14 फरवरी से

इन्दौर । राष्ट्रीय मुद्रा परिषद, मुद्रा शोध न्यास, इंदौर न्यूमिस्मैटिक एवं फिलाटेलिक सोसाइटी, भार्गव ऑक्शन और पुरातत्व मुद्रा उत्सव द्वारा संयुक्त रूप से स्थानीय गांधी हाल में आगामी 14 फरवरी से मुद्रा उत्सव समारोह आयोजित किया जा रहा है। मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा

**उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौवन्य विहार के निर्माण कार्यों की समीक्षा की**

# गौवन्य विहार में समुचित पानी और बिजली की निर्बाध आपूर्ति व्यवस्था करें - उप मुख्यमंत्री



संवाददाता ➤ रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवन्य विहार अभ्यारण्य में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने गाय को गुड़ चना खिलाकर गौसेवा की। उप मुख्यमंत्री ने यज्ञ शाला में आयोजित बैठक में कहा कि वन्य विहार में बिजली की निर्बाध आपूर्ति की व्यवस्था करें। नये विद्युत सबस्टेशन के निर्माण तक बसामन मामा मंदिर के पास के फीडर से कनेक्शन करायें। गौशाला से जुड़ी 17 एकड़ जमीन पर दो गौशाला शेड का इस तरह निर्माण करें की बाउन्ड्रीबाल बनाने की आवश्यकता न रहे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यपालन यंत्री जल संसाधन नाले में दो स्टापडैम सह रपटा निर्माण का स्टीमेट तैयार करें। स्टापडैमों के निर्माण से गौशाला में पानी की व्यवस्था के साथ चारागाह विकास की भी सुविधा मिलेगी। माइक्रो सिंचाई परियोजना से पूर्वा तालाब तथा क्षेत्र के अन्य तालाबों में पानी भरने की व्यवस्था करें। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा गायों के पानी पीने के लिए हौज तथा चारा चारागाह की बाउन्ड्रीबाल का निर्माण तत्काल शुरू करायें। कार्यपालन यंत्री पीएचई दोनों शंपबेल में 7 दिवस में पानी भरने की व्यवस्था करें। उप मुख्यमंत्री ने बैठक में वनमंडलाधिकारी को गायों के चरने के वन क्षेत्र में पानी की व्यवस्था करने तथा विभागीय प्लांटेशन में गौशाला की खाद के उपयोग के निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक पशु पालन डॉ. राजेश मिश्रा ने बसामन मामा गौअभ्यारण्य के कार्यों की जानकारी दी। बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री ने गौशाला में प्रस्तावित श्री राधा कृष्ण गौ मंदिर के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी, एसडीएम सिरमौर आर.के. सिन्हा, कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन मनोज तिवारी, अधीक्षण यंत्री बिजली विभाग बी.के. शुक्ला जिला प्रबंधक जल निगम चित्रांशु उपाध्याय स्थानीय जन प्रतिनिधिगण तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रातः गौअभ्यारण्य का भ्रमण किया तथा नवजात बछड़े को गोद में उठाकर दुलार किया। विदित हो कि उप मुख्यमंत्री जी ने रात्रि विश्राम गौवंश वन्य विहार में ही किया था।



## राम स्नेही संप्रदाय के आद्याचार्य स्वामी श्री रामचरण महाराज के जन्म जयंती महोत्सव पर छत्रीबाग राम द्वारा से निकली पालकी यात्रा

**इंदौर** । इतिहास में उन्हीं लोगों के नाम दर्ज होते हैं, जिन्होंने अपना जीवन दूसरों का भला और कल्याण करने में लगा दिया हो। अपने लिए तो पशु भी जीते हैं, पर दूसरों के लिए जीने वाले ही महापुरुष कहलाते हैं। व्यक्ति के कर्मों से ही उनका व्यक्तित्व बनता है। संतों और महापुरुषों के सदकर्मों की सुगंध कभी खत्म नहीं होती, यही कारण है कि हम आज यहां सैकड़ों वर्षो बाद भी रामस्नेही संप्रदाय के आद्याचार्य स्वामी रामचरण महाराज के जन्म जयंती महोत्सव के निमित्त जमा हुए हैं।

छत्रीबाग रामद्वारा पर मंगलवार को रामस्नेही संप्रदाय के आद्याचार्य स्वामी रामचरण महाराज के 305 वें जन्म जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित पालकी यात्रा के बाद सत्संग सभा में उपस्थित संतो-विद्वानों ने उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व रामद्वारा से शंकर मंदिर, सैफी स्कूल, वेंकटेश मंदिर मार्ग होते हुए पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में संत एवं श्रद्धालु शामिल हुए। मार्ग में अनेक अनेक स्थान पर भक्तों ने रंगोली सजाकर पुष्प वर्षा की। अनेक भक्त नंगे पैर चल रहे थे। पुनः रामद्वारा पहुंचने पर पालकी यात्रा सत्संग सभा में बदल गई, जहां बाड़मेर (राज.) से आए संत सुखराम, गोराकुंड रामद्वारा के संत हृदयराम, संत बोलताराम, संत मस्तराम आदि ने आद्याचार्य के प्रेरक जीवन वृत पर प्रकाश डाला। संतों ने कहा कि स्वामी रामचरण ने देश में उस वक्त राम नाम का अलख जगाया, जब मुगलों का शासन था। परमात्मा की प्राप्ति संतो के सानिध्य के बिना नहीं हो सकती। इस अवसर पर छत्रीबाग रामद्वारा की ओर से देवेंद्र मुछाल एवं रामसहाय विजयवर्गीय ने बताया कि ट्रस्ट कि ओर से रामनिवास मोड, गिरधर गोपाल नीमा, लक्ष्मी कुमार मुछाल, हेमंत काकानी, वासुदेव सोलंकी, श्याम भूतड़ा ने सभी संतो और भक्तों का स्वागत किया।

रामद्वारा पर सुबह आद्याचार्य स्वामी रामचरण महाराज की वाणी एवं चित्र का सामूहिक पूजन किया गया । पालकी यात्रा के बाद सामूहिक आरती, राम धुन एवं लावणी गायन के आयोजन भी हुए। राम द्वारा ट्रस्ट के देवेंद्र मुछाल एवं रामसहाय विजयवर्गीय ने बताया कि दो दिवसीय महोत्सव का आज सौलास समापन हुआ।

**एसडीएम हनुमना कमलेशपुरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।**

# मऊगंज कलेक्टर ने जिले में स्थापित होधल्डग स्टेशनों की व्यवस्थायें देखी



रीवा। मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मऊगंज जिले में स्थापित होधल्डग स्टेशनों का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती रसना ठाकुर भी उपस्थित रहीं। कलेक्टर ने होधल्डग स्टेशनों में छाया, भोजन, पानी, चाय तथा बच्चों के लिए दूध आदि की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा उपस्थित अधिकारियों, कमर्चारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने शिविरों में चिकित्सा व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश भी दिये। इस दौरान एसडीएम हनुमना कमलेशपुरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मछली की पित्त की थैली के सेवन से युवक का लिवर और किडनी फेल : मेदांता अस्पताल में हुआ सफल उपचार

संवाददाता ➤ इंदौर

मध्य भारत के इंदौर में 42 वर्षीय युवक ने मछली की पित्त की थैली का सेवन कर लिया, जिसके कारण उसकी लिवर और किडनी फेल हो गई थी। जिसका सफल इलाज मेदांता अस्पताल में हुआ। अब युवक बिल्कुल स्वस्थ है और उसे डायलिसिस की आवश्यकता भी नहीं पड़ती है।

मेदांता अस्पताल के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. जय सिंह अरोरा ने बताया कि,अंजाने में युवक ने मछली की पित्त की थैली खा ली। कुछ घंटों बाद उसे उल्टियां और दस्त शुरू हो गए। शुरुआती इलाज के लिए उसने छोटे अस्पताल का में लेकर पहुंचे। जहां पता चला कि उसके लिवर एंजाइम्स एसजीओटी और एसजीपीटी खतरनाक रूप से 3000-4000 के स्तर तक पहुंच गए हैं। साथ ही, क्रिएटिनिन की मात्रा भी 8-9 तक बढ़ गई थी। मरीज और उसके स्वजन को लगा कि यह सामान्य फूड पॉयजनिंग है और उसने उल्टी-दस्त की दवाइयां लीं। लेकिन जब उसकी स्थिति बिगड़ने लगी, तब वह मेदांता अस्पताल पहुंचा। जांच के दौरान पता चला कि उसने मछली की पित्त की थैली का सेवन किया था, जिससे उसका लिवर और किडनी दोनों गंभीर




रूप से प्रभावित हुए।

#### बिना सर्जरी के हुआ सफल उपचार

डॉ. जय सिंह अरोरा ने बताया कि, ऐसे मामलों में समय पर रोगी की सही हिस्ट्री लेना बेहद महत्वपूर्ण होता है। मरीज को तुरंत स्टेरॉयड और डायलिसिस की मदद से इलाज दिया गया। शुरुआती चार डायलिसिस के बाद मरीज की हालत में सुधार दिखने लगा और डायलिसिस बंद कर दिया गया। बिना किसी सर्जरी के, सही दवाइयों और लगातार मॉनिटरिंग से मरीज को बचा लिया गया।

#### टॉक्सिन का प्रभाव और सावधानियां

डॉ. अरोरा ने बताया कि, मछली की पित्त की थैली में सायरपरोल नामक टॉक्सिन होता है, जो शरीर में पहुंचने पर लिवर और किडनी को तेजी से नुकसान पहुंचा सकता है।

**समय सीमा में कार्य पूरा नहीं करने वाली निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई**

# प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत 574 ग्रामों में कार्य पूर्ण- 21 ग्राम पंचायतों में बचे हुए कार्य इसी माह के अंत तक होंगे पूरे

#### कलेक्ट आशीष सिंह ने ली समीक्षा बैठक

संवाददाता ➤ इंदौर

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि जिले में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत ऐसी पंचायतें जिनमें अभी कुछ काम शेष है, उन्हें शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री सिंह ने बचे हुए कार्यों को इसी माह के अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस माह के अंत तक कार्य पूरा नहीं करने वाली निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में हर घर में नल से जल पहुँचाने के लिए चल रही योजना के तहत मात्र 21 ग्रामों में ही काम शेष है। हर घर में नल से जल वाला जिला घोषित करने की तैयारियां अंतिम दौर में है, इसके लिए तेजी से प्रयास जारी है।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आज यहां जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, पीएचई के कार्यपालन यंत्री श्री एस.के. उदिया सहित योजना से जुड़े अधिकारी, एसडीएम, अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी आदि मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने ऐसी पंचायतें जिनमें अभी कुछ काम शेष है, उन पंचायतों में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जिले में 21 पंचायतों में कुछ ही काम बचा है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए की शेष पंचायतों में बचे कार्यों को इस माह के अंत तक पूर्ण किया जाए। कार्य को पूर्ण करने के लिए दिन-प्रतिदिन की कार्य योजना बनाई जाए और प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा की जाए। कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही तथा उदासीनता बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। हर सप्ताह प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। बैठक में जानकारी दी गई कि इंदौर जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 566 गांवों में हर घर में नल से जल पहुंचाने की योजना स्वीकृत की गई है। जिले में पूर्व से शत-प्रतिशत नल कनेक्शन वाले 29 ग्राम है। इस तरह जिले में कुल 595 ग्रामों में हर घर में नल से जल पहुंचाने की योजना है।

13FAR-25- FATVA:13FAR-25- FATVA.qxd 13-Feb-25 11:17 AM Page 6



# राज्यपाल डेका से बॉडी बिल्डर्स चैम्पियनशिप के विजेता खिलाड़ियों ने की सौजन्य भेंट



### राज्यपाल श्री डेका से बॉडी बिल्डर्स चैम्पियनशिप के विजेता खिलाड़ियों ने की सौजन्य भेंट

रायपुर( राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में बॉडी बिल्डर्स के विश्व तथा एशिया चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों ने सौजन्य भेंट की।

बॉडी बिल्डर्स के वर्ल्ड चैम्पियनशिप में अंबिकापुर के श्री अशोक बेहरा ने स्वर्ण पदक, साउथ एशिया चैम्पियनशिप में बिलासपुर के श्री आनंद राव ने रजत पदक प्राप्त किया। इसी तरह दिव्यांग खिलाड़ी राजनांदगांव के श्री महेन्द्र यदु और रायपुर के श्री ई.शिवा मिस्टर छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता के विजेता बने। राज्यपाल श्री डेका ने इन सभी खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना की और आगे भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश एवं देश का नाम रौशन करने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन के पदाधिकारी श्री अभिषेक वर्मा, श्री अरविन्द सिंह, श्री महेन्द्र तेकाम और श्री राजशेखर राव उपस्थित थे। उन्होंने श्री डेका को आगामी माह बिलासपुर में आयोजित होने वाले जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित भी किया।

## न्यूज ब्रीफ



### हमारी जीत सुनिश्चित - दीप्ति प्रमोद दुबे

रायपुर। कांग्रेस महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने आज निगम चुनाव में अपने जीत के प्रति आश्वस्त नज़र आई। उन्होंने कहा कि चुनाव घोषणा के बाद प्रचार के बाद सीमित समय मिला था ऐसे में वे हर संभव मतदाताओं के पास पहुंचने की कोशिश की ,लोगों को बातों को गंभीरता से सुना और समझा जिसका नतीजा यह रहा कि आज मतदाता अपना भरपूर आशीर्वाद देते दिखे। उन्होंने कहा मतदान केंद्रों में मतदाताओं का स्नेह झलका। श्रीमती दुबे ने कहा कि चुनाव के दौरान बहुत से मतदान केंद्रों में मशीन खराब होने की शिकायतें आ रही थी। जिसके कारण मतदान शुरू होने में काफी देरी हो गई ।वहीं बहुत से वार्ड के मतदाताओं का नाम गायब हो गया जिससे वह मतदान से वंचित हो गए जिसकी शिकायत निर्वाचन आयोग में की गई। श्रीमति दुबे ने कहा कि रायपुर की जनता उनकी सरलता,सहजता,समाजसेवा को देखकर विश्वास जताया है ।इसके लिए वह मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा अगर उन्हें जीत मिलती है तो अपने किए सारे वादों को पूरा कर एक समृद्ध शहर बनाएगी। दीप्ति दुबे अपने पति प्रमोद दुबे के साथ सबसे पहले कंकाली अस्पताल स्थित दक्षिण मुखी हनुमान जी की पूजा कर, आनंद समाज स्थित बूथ में अपना मताधिकार का प्रयोग किया जिसके बाद विभिन्न वार्डो के मतदान केंद्रों में जा कर कार्यकर्ताओं से मिल कर मतदान को ले कर चर्चा की।

### 20 लाख रुपये की शराब जब्त, जबलपुर से रायपुर ला रहे थे चालक को गिरफ्तार किया

**कबीरधाम।** जिला आबकारी विभाग ने अवैध शराब परिवहन के मामले में बड़ी कार्रवाई किया है। यह कार्रवाई एमपी-सीजी बॉर्डर स्थित आबकारी विभाग के चेकपोस्ट में हुई है। विभाग ने करीब 20 लाख रुपए कीमत के 400 पेटी शराब जब्त किया है,जिसमें देशी व गोवा शराब शामिल है। मामले में ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी अनुसार यह शराब मध्यप्रदेश में निर्मित थी, जिसे छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से होकर रायपुर जिले में खपाने की तैयारी थी। मुखबिर की सूचना पर आबकारी टीम ने इस वाहन को रोका व जांच के दौरान शराब बरामद की। तस्कर ने इस बार शराब की खेप को छुपाने के लिए अनोखा तरीका अपनाया। शराब की बोतलों को टमाटर के कैरेट में भरकर ट्रक में लोड किया था, ताकि चेकपोस्ट पर किसी को शक न हो। हालांकि, आबकारी विभाग की सतर्कता व मुखबिर की सटीक सूचना के चलते यह तस्करी नाकाम हो गई। ट्रक कीमत 20 लाख, करीब 400 पेटी शराब कीमत 20 लाख को जब्त किया है। वहीं आरोपी राजवीर यादव पिता घनश्याम यादव उम्र 35 निवासी शिवपुरी को गिरफ्तार किया है। मामले में विभाग की जांच जारी है।

### सामान्य प्रेक्षक ने मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों का किया सघन निरीक्षण

रायपुर। जिला रायपुर नगरीय आम निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीमती इफ्फत आरा आज मतदान दिवस पर नगरपालिका निगम रायपुर, नगरपालिका परिषद अभनपुर, नगरपालिका परिषद गोबरा-नवापारा तथा नगर पंचायत खरोरा के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों के सघन दौरे पर रही। उन्होंने निर्वाचन में संलग्न मतदान अधिकारियों से मतदान केंद्रों में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस निरीक्षण दौरा अंतर्गत रायपुर निगम क्षेत्र के दुर्गा महाविद्यालय, संत कंवर राम शासकीय स्कूल कटोरा तालाब, नगरपालिक निगम स्कूल टिकरापारा, खरोरा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खरोरा तथा अभनपुर के मतदान केंद्रों का अवलोकन और जांच किया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक श्रीमती आरा ने नगरपालिका परिषद गोबरा-नवापारा स्थित स्ट्रांग रूम का भी जायजा लिया। सामान्य प्रेक्षक ने निरीक्षण के दौरान मतदान दल और मतदाता द्वारा किए जा रहे मतदान कार्य का अवलोकन किया। इसके साथ ही मतदान केंद्र में बुनियादी सुविधा पेयजल, पंखा, बिजली, रैंप, व्हीलचेयर, शौचालय, छाया, मतदाता सूची आदि का अवलोकन किया।

### 13 साल पश्चात भी शुरू नहीं हो पाई पिटलाइन

कोरबा। कोरबा-चांपा मार्ग पर पड़ने वाले रेलवे स्टेशन के उरगा छोर पर वर्ष 2012 से पिटलाइन बनकर तैयार है। परंतु वहां सुविधा व संसाधन बढ़ाने की जरूरत हैं। प्रारंभ में यहां सिंगल ट्रैक था जो अब डबल हो चुका है। 13 साल बीत चुके हैं। कई शीर्ष अधिकारी आए और चले भी गए। इतनी लंबी अवधि बीतने के बाद भी दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर जोन व डिवीजन के अधिकारियो ने पिटलाइन को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। इसके चलते प्रारंभ में वहां जो सुविधाएं विकसित की गई थीं वह भी अब गायब हो चुकी है।

## अनुभव आपको वाहन चलाते समय अत्याधिक जागरूक बनाता

# बालको ने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के साथ मनाया 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह’






**संवाददाता ➤ बिलासपुर**

कोरबा जिले में स्थापित वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने पूरे महीने अपने कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित कर ‘36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह’ मनाया। इस दौरान एक वर्चुअल रियलिटी ट्रेनिंग माड्यूल को भी लॉन्च किया गया जिसके तहत 150 से अधिक कर्मचारियों को रियल वर्ल्ड ट्रैफिक सिनेरियो से परिचित कराया गया। महीने भर चलने वाले इस अभियान में सामुदायिक रैलियां, कारपूलिंग और गेमीफाइड लर्निंग सेशन जैसी गतिविधियां शामिल थीं।

नए ट्रेनिंग मॉड्यूल से कर्मचारियों ने फर्स्ट पर्सन ड्राइविंग एक्सपीरिएंस रखा जहा उन्हें अचानक ब्रेक लगाने, ब्लाइंड स्पॉट, और पैदल यात्री क्रॉसिंग जैसे विभिन्न परिस्थितियों में रीयल टाइम निर्णय लेने थे। नए टेक्नोलॉजी से कर्मचारियों को तत्काल फीडबैक मिला, जिससे सुरक्षित एवं नियंत्रित ड्राइविंग कैसे करना है वह सीखने का अवसर मिला साथ ही पूरे संयंत्र में औचक वाहन निरीक्षण, अंधे मोड़ की पहचान, सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी तथा ड्राइवरों के लिए नेत्र जांच शिविर, रक्त दान शिविर आयोजित किया गया जिसमे 300 से अधिक वाहन चालक, ऑपरेटर एवं 170 से अधिक कर्मचारियों-बिजनेस पार्टनरों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। बालकोनगर अंतर्गत आसपास के विद्यालयो में सड़क सुरक्षा वार्ता आयोजित की गई जिसमें कर्मचारियों एवं बालकोनगर वासियों ने हिस्सा लिया।

बालको के कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि ‘शून्य क्षति’ के दर्शन के अनुरूप कार्यस्थल को पूर्णतः सुरक्षित बनाने की दिशा में बालको निरंतर कार्यरत है। इसके लिए प्रत्येक कर्मचारी के सशक्तिकरण पर ध्यान दिया गया है ताकि वह कार्यस्थल पर किसी भी असुरक्षित गतिविधि को रोकने में अपना योगदान सुनिश्चित कर सके। हमारा लक्ष्य सभी कर्मचारियों, व्यापार भागीदारों और आगंतुकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना है। बालको परिवार का प्रत्येक सदस्य यातायात नियमों और औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के मूलभूत नियमों का पालन कर संयत्र में सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे विश्वास है कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में हमारे निरंतर प्रयासों का परिणाम सभी के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल होगा।

अपना विचार साझा करते हुए बालको कर्मचारी सुश्री सोनाली कृष्णमूर्ति रामटेके ने कहा की वीआर हेडसेट ने मुझे एक ऐसा अनुभव प्रदान किया जो वास्तव में दिलचस्प था। सभी सिमुलेशन मुझे चुनौती दे रहे थे कि में विभिन्न रियल-वर्ल्ड ड्राइविंग स्थितियों में ड्राइव करुं, जहाँ पल भर में फैसला लेना होता है। यह अनुभव आपको वाहन चलाते समय अत्याधिक जागरूक बनाता है।

कंपनी ने सुरक्षा प्रदर्शन को मजबूत करने के लिए कई पहल शुरू की हैं और सर्वोत्तम प्रथाओं को संस्थागत रूप दिया है। जिसमें सुरक्षा के विभिन्न मॉड्यूल पर कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने के लिए हर महीने के पहली तारीख को सुरक्षा संकल्प का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। सुरक्षा संवाद पर एक सप्ताहिक कार्यक्रम जहां बालको के वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा 5000 से अधिक कर्मचारियों और व्यापार भागीदारों को ‘असुरक्षित कार्य को ना कहने का अधिकार’ के लिए सशक्त बनाया गया।



## राज्यपाल श्री डेका से कुलपति ने सौजन्य भेंट की

रायपुर। राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग के नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर रवि आर. सक्सेना ने सौजन्य भेंट की।

# एटीएस ने रायपुर से मुंबई एयरपोर्ट तक तीन बांग्लादेशी भाइयों की निगरानी के बाद गिरफ्तार किया

**संवाददाता ➤ रायपुर**



एटीएस ने तीन बांग्लादेशी सगे भाइयों के इराक भागने की कोशिश को नाकाम करते हुए मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। तीनों तीन दिन तक पुलिस की रिमांड में हैं। तीनों रायपुर में पिछले आठ वर्षों से रह रहे थे। एटीएस ने तीनों को उनकी भाषा, रहन-सहन के आधार पर लंबे अरसे से निगरानी करने के बाद गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। एटीएस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मोहम्मद इस्माइल, शेख अकबर शेख साजन ने शेख अली के माध्यम से रायपुर में अपना ठिकाना बनाया था।

### पहले भी कई जा चुके हैं इराक और बगदाद

शेख अली के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है। अब तक हुई पूछताछ में सामने आया है कि पूर्व में कई बांग्लादेशी घुसपैठिए रायपुर के दस्तावेजों के सहारे इराक के बगदाद का वीजा लेकर जा चुके हैं। रायपुर से कितने बांग्लादेशी नागरिक इराक गए हैं, पुलिस के पास इस बात की कोई ठोस जानकारी नहीं है। तीनों के मोबाइल जब्त किए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि उनके मोबाइल से डाटा नष्ट किया गया। उसे फारेंसिक लैब भेजा जाएगा।टिकरापारा टीआई विनय सिंह बघेल के मुताबिक इस्माइल तथा उसके भाई रायपुर में रहकर कबाड़ी का काम कर रहे थे। तीनों संतोषी नगर सहित शहर के अलग-अलग इलाकों में घूम-घूमकर कबाड़ खरीदी-बिक्री का काम कर रहे थे। तीनों भाइयों के मोबाइल फोन जब्त कर पुलिस बांग्लादेशी नागरिकों के कॉल डिटेल खंगाल रही है।

## बीएसपी के प्रतिनिधियों ने जीता चेयरमैन ट्रॉफी सेल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

# डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स का अंतिम परिणाम घोषित

**संवाददाता ➤ भिलाई**

सेल में सुरक्षा संस्कृति में परिवर्तन-आगे की राह विषय पर आयोजित डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स युवा प्रबंधकों के लिए निदेशक प्रभारी ट्रॉफी 2024-25 का अंतिम परिणाम 11 फरवरी को घोषित किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रतिनिधियों ने चेयरमैन ट्रॉफी जीतकर सेल स्तरीय प्रतियोगिता सीटीवाईएम 2024-25 के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की है। विजेता टीम अब सेल स्तरीय चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स 2024-25 में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व करेगी। यह सेल स्तरीय प्रतियोगिता एमटीआई, रांची में आयोजित की जाएगी।

इस प्रतियोगिता में कुल 15 टीमों ने अपने पेपर प्रस्तुत किए, जिनमें से 14 टीमों ने 1 और 2 फरवरी 2025 को चयन समिति के समक्ष अपनी प्रस्तुति दी। चयन समिति में कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, अध्यक्ष के रूप में शामिल थे। इसके अतिरिक्त, समिति में सदस्य के रूप में मुख्य महाप्रबंधक



पावर फैसिलिटी राजीव पांडेय और चेयर प्रोफेसर सुरक्षा अभियांत्रिकी और विश्लेषण, आईआईटी खड़गपुर डॉ. ओ बी कृष्णा सहित मुख्य महाप्रबंधक एचआर-एल एंड डी, बीई श्रीमती निशा सोनी समन्वयक के रूप में उपस्थित थे।

इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया और अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में शीर्ष 3 स्थान प्राप्त करने वाली टीमों का चयन किया गया। विजेता टीम में सहायक महाप्रबंधक ए एंड डी विभाग सुश्री स्वाति प्रदीप, सहायक महाप्रबंधक एमआरडी अवनीश दुबे और सहायक प्रबंधक एमएम स्टीविन जॉर्ज शामिल हैं। इस टीम टी-6 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रथम उपविजेता टीम में भी कई प्रतिभाशाली सदस्य शामिल थे, जिनकी मेहनत और लगन सराहनीय रही। इस टीम में वरिष्ठ प्रबंधक एसएमएस 2 पी संतोष कुमार वरिष्ठ प्रबंधक एसएमएस 2 अनु पी और प्रबंधक एसएमएस 2 सौरभ कुमार पटेल शामिल हैं। इस टीम टी-10 ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। द्वितीय उपविजेता टीम ने भी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया। इस टीम में सहायक महाप्रबंधक ओ एंड एम सुश्री राखी तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक (बीआरएम) राजुल कुमार पाण्डेय और वरिष्ठ प्रबंधक एसएमएस 3 श्वेत कुमार मिश्रा शामिल हैं। इस टीम टी-11 ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

डायरेक्टर इन-चार्ज ट्रॉफी के तहत विजेता टीम को प्रमाण पत्र और प्रत्येक सदस्य को 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, साथ ही उन्हें युवा प्रबंधकों के लिए डायरेक्टर इन-चार्ज ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रथम उपविजेता टीम को प्रमाण पत्र और प्रत्येक सदस्य को 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार और रनर अप ट्रॉफी दी जाएगी। द्वितीय उपविजेता टीम को प्रमाण पत्र और प्रत्येक सदस्य को 5,000/- रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। विजेता टीम को भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हुआ है और अब यह टीम सेल स्तरीय प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र का नाम रोशन करेगी। बीएसपी की विजेता टीम अब सेल स्तर की प्रतियोगिता में कंपनी की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए पूरी मेहनत और समर्पण के साथ अपनी तैयारी में जुटी हुई है।

# कैसे करें हाथों की देखभाल



**सही रख-रखाव वाले और साफ-सुथरे हाथ न केवल आकर्षक दिखते हैं बल्कि अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी भी हैं क्योकि ज्यादातर इंफेक्शन गंदे हाथों से ही फैलते हैं। आपके हाथों की सही केयर कोई मुश्किल काम नहीं है और हैंडवॉश तथा माइश्चराईजिंग का डेली सिम्पल रूटीन काफी है तथा ज़रूरत होने पर नाखूनों की ट्रिमिंग की जानी चाहिये। आपके हाथों को साफ रखने के लिये सोप बार और लिक्विड क्लींजर्स समान रूप से अच्छे हैं लेकिन अपने नाखून और अंगुलियों को स्क्रब करना मत भूलें जिससे नाखूनों के नीचे मैल न रहे। फिंगरनेल ब्रशेज भी मार्केट में उपलब्ध हैं जो आपके नाखूनों के हर तरफ की सभी गंदगी को सही से साफ करते हैं। हर पखवाडे अपने नाखूनों की ट्रिमिंग अच्छी आदत है लेकिन इसे करते समय सावधानी बरतें कि क्यूटिकल्स न कटने पायें जो नेल बेड की सुरक्षा करते हैं इसके बजाय अपने नाखूनों के नेचुरल कर्व को फॉलो करें। सही तरह से ट्रिम किये जाने वाले नाखूनों में दर्द की वजह बनने वाले इन्ग्रोन नेल्स या हैंगनेल्स के चास कम हो जाते हैं। ट्रिमिंग के बाद अपने नाखूनों को मॉइश्चराईज़ करके आप उन्हें कमजोर होने से बचा सकते हैं।**

हाथों पर पिगमेंटेशन डेवलप होने से वे एजिंग के संकेत प्रदर्शित कर सकते हैं इसलिये मॉइश्चराईज़र के अलावा अपने हाथों को डैमेज होने से बचाने के लिये सनस्क्रीन का उपयोग करना चाहिये। साबुन से धोये जाने पर हाथ सूखे हो जाते हैं इसलिये त्वचा को ड्राइता और क्रैक होने से बचाने के लिये मॉइश्चराइजर इस्तेमाल करना जरूरी हो जाता है। इसके अलावा अपने हाथों की अच्छी केयर के लिये दूसरे उपाय भी अपनाने चाहिये हर माह मेनीक्योर कराना कोई बुरा विचार नहीं है क्योंकि इससे न केवल आपके हाथ संवरते हैं बल्कि आपकी ओवरऑल एपीयरेंस और हाइजीन का स्तर भी सुधरता है।

पैरों की केयर करने को अनेक लोगों द्वारा तब तक उपेक्षित किया जाता है जब तक कोई गंभीर समस्या उत्पन्न नहीं हो जाती जैसे एथलीट्स फुट या कोई दर्दयुक्त कार्न या फिर हर मौसम में पैर लगातार बदबू करने लगते हैं। पैरों के अंगूठे और अंगुलियों की ट्रिमिंग सावधानीपूर्वक की जानी चाहिये क्योंकि त्वचा के बिल्कुल पास ट्रिमिंग करने से इंफेक्शन का खतरा उत्पन्न हो सकता है। पैरों की अंगूठे-अंगुलियों की सही ट्रिमिंग न होने से दर्दयुक्त हैंगनेल्स या इनग्रोन टो-नेल्स बन सकते हैं। सही तरह से फिट न आने वाले जूतों या चलने-फिरने के गलत ढंग के कारण पैरों में कॉलसेस और कार्न्स विकसित हो सकते हैं। यदि ये बहुत कठोर नहीं हों तो इनको घर पर ही अपने पैरों को गुनगुने पानी में डुबोकर और उनको प्यूमिस स्टोन से रगड़ने से छुटकारा पाया जा सकता है। ज्यादा कड़े कार्न्स को मेडिकल सहायता की ज़रूरत होती है। फंगल इंफेक्शनों को दूर रखने के लिये फुट हाइजीन महत्वपूर्ण है। अपने पैरों को पूरी तरह से खासकर अंगूठों अंगुलियों के बीच अच्छी तरह धोकर सुखाना ज़रूरी है। यदि आपके पैरों में ज्यादा पसीना आने की परेशानी है तो मेडिकेटेड पाउडर का उपयोग करें और रोज धुले मोजे पहनें जिससे फंगल इंफेक्शन से बचाव हो सके। लम्बे समय से बदबू करने वाले पैरों में बैक्टीरियल इंफेक्शन हुआ हो सकता है जिसे डॉक्टर को दिखाना ज़रूरी होता है। पेडीक्योर फीट केयर का अच्छा उपाय है क्योंकि यह पैरों की सभी समस्याओं को दूर रखते हुए आकर्षक बनाता है। पेडीक्योर पैरों से डेड त्वचा को हटाता है इन्ग्रोन टो-नेल्स से बचाव करता है और कॉलसेस और कार्न्स से छुटकारा दिलाता है। पेडीक्योर से बदबू करने वाले पैरों का भी ट्रीटमेंट किया जा सकता है!

# कैसे पाएं शरीर की गंध से छुटकारा

शरीर में पसीने का आना इस बात की निशानी है कि हमारा शरीर अत्यधिक उपजी ऊर्जा से छुटकारा पा रहा है। यह ऊर्जा उपपाचन या मांसपेशियों की मशक्कत द्वारा पैदा हुई होती है। एक सामान्य वयस्क के शरीर में लगभग बीस लाख स्वेद ग्रंथियां होती हैं जो दो प्रकार की होती है- एक्रीन स्वेद ग्रंथियां व एपोक्रीन स्वेद ग्रंथियां। एक्रीन स्वेद ग्रंथियां शरीर के तापमान को नियंत्रित करती है और त्वचा की नमी भी इन्हीं ग्रंथियों के कारण बनी रहती है। सिर्फ होंठ व जननांगों के हिस्से में ये ग्रंथियां नहीं होतीं। त्वचा की निचली सतह पर होने वाली इन ग्रंथियों के कारण ही पसीना रोमछिद्रों के द्वारा त्वचा पर आता है। एपोक्रीन ग्रंथियां शरीर के हारमोन द्वारा नियंत्रित होती है। भावानात्मक तनाव से ये ग्रंथियां चेतन हो जाती हैं। शरीर में पसीने की दुर्गंध को जन्म देने वाली ग्रंथियां एपोक्रीन होती हैं जिनमें बैक्टीरिया पैदा हो जाते है।

पसीने की इसी गंध या दुर्गंध से छुटकारा दिलाने वाले बॉडी स्प्रे डियोडरेट व एन्टीपर्सपीरेट लगभग एक ही उत्पाद की तरह माने जाते है जबकि सच यह है कि ये दोनों ही अपने विभिन्न रासायनिक प्रभावों के कारण अलग-अलग उत्पाद है। एन्टीपर्सपीरेन्ट शरीर में पसीना आने की प्रक्रिया तथा त्वचा के गीलेपन को कम करते है, डिओडरेन्ट का काम शरीर से गंध को दूर करना है। डिओडरेन्ट का जन्म इस तथ्य को जानने के बाद हुआ कि त्वचा के बैक्टीरिया शरीर की गंध पैदा करते है। इनके इस्तेमाल से इन बैक्टीरिया के नाश किया जा सकता है। एन्टीपर्सपीरेन्ट के प्रयोग से पसीना बाहर निकालने वाले छिद्र बंद हो जाते है जिससे पसीना कम बाहर आता है। एक धारणा के अनुसार एन्टीपर्सपीरेन्ट में पाए जाने वाले एस्ट्रीन्जेन्ट सॉल्ट त्वचा में सूजन पैदा कर छिद्रों को बंद होने के लिए मजबूर करते है। कुछ एन्टीपर्सपीरेट डियोडरेट युक्त भी होते है।

## चुनते समय ध्यान रहे

एन्टीपर्सपीरेट व डियोडरेन्ट के शरीर पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों को ध्यान में रखते हुए हो सके तो इनका प्रयोग न करे जब तक निहायत जरूरी न हो। शरीर के पसीने की गंध को बार-बार नहाने या पसीने वाली जगहों को अच्छी तरह पानी से धोने व पोंछने द्वारा नियंत्रित रखा जा सकता है। यदि आपको इनका इस्तेमाल जरूरी लगता हो तो सोचें कि आपको किस उत्पाद की जरूरत है। यदि शरीर में गंध एक समस्या है तो बैक्टीरिया नाशक डिओडरेंट का प्रयोग करे। यदि अत्यधिक पसीना आना आपकी समस्या है तो एस्ट्रीन्जेन्ट सॉल्ट युक्त एन्टीपर्सपीरेन्ट को चुनें। ऐसे लेबल से प्रभावित न हों जिनमें एक प्रोडक्ट में दो एंटीपर्सपीरेट देने की बात कही गई हो। दो तत्व प्रभाव को नहीं बढ़ाते।

## खतरे इनके प्रयोग के

एन्टीपर्सपीरेन्ट व डियोडरेन्ट में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक पदार्थ प्रायः बाद में बैन होते देखे गए है क्योंकि इनका प्रभाव शरीर पर हानिकारक देखा गया है। दरअसल ऐसे पदार्थ जो प्रभावशाली भी हों और सुरक्षित भी, बनते ही नहीं है। इसलिए इन उत्पादों के प्रयोग से निमन्लिखित हानिकारक प्रभाव हो सकते है-

**त्वचा पर प्रतिकूल असर**- इनमें पाए जाने वाले अमलीय पीएच एस्ट्रीनजेन्ट सॉल्ट त्वचा में जलन या चकत्ते पैदा करते है। इनके इस्तेमाल से कान्टेक्ट डरमेटाइटिस नामक त्वचा संबंधी रोग भी हो सकता है। इनके लंबे प्रयोग से बगलों में ग्रैन्यूलोमा रोग भी हो सकता है।

**आंखों की समस्या**- इनके स्प्रे गलती से यदि आंखों में चले जाएं तो आंखों संबंधी रोग जैसे आई फ्लू, जलन आदि हो सकते है। यदि स्प्रे की मात्रा अधिक हो तो विजन भी खत्म हो सकता है।

**कैंसर का खतरा** -अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार एन्टीपर्सपीरेट में एल्यूमिनियम सॉल्ट का बेस नहीं होता, उनमें जिनकोनियम क्लोरोहाइड्रेट, जिरकोनिल क्लोराइड या जिंक फेनोसलफेट होता है। जिरकोनियम का सांस के साथ अंदर जाना कैंसर को जन्म दे सकता है। एन्टीपर्सपीरेट पसीना बाहर आने की क्रिया को अवरुद्ध कर, शरीर से बगलों, घुटनों के पीछे व कानों के पीछे वाले क्षेत्रों से निकलने वाले जहरीले पदार्थ को शरीर के अंदर ही रहने देते है। इन जहरीले पदार्थो का अधिक जमाव उस क्षेत्र की कोशिकाओं को नष्ट कर कैंसर को जन्म देता है।


**जहरीला ट्रिक्लोसन**- डॉ. पार्थपारथी के अनुसार इन दो उत्पादों में एक नया रासायनिक तत्व ट्रिक्लोसन भी हो सकता है जो त्वचा के भीतर जाकर यकृत को नष्ट कर सकता है।

**दागयुक्त कपड़े**- एंटीपर्सपीरेट में पाया जाना वाला एल्यूमिनियम साल्ट पसीने के साथ मिलकर अधिक अम्लीय हो जाता है। इससे त्वचा में जलन तो पैदा होती ही है। साथ ही कपड़ों के रंग फेड हो जाते है और कपड़े कमजोर होकर जल्दी फटते है। सूती व लिनेन कपड़े एल्मूनियम सॉल्ट से जल्दी प्रभावित होते है।

## महत्वपूर्ण टिप

एंटीपर्सपीरेट व डिओडरेन्ट को इस्तेमाल करते समय कुछ बातों का अवश्य खयाल रखें जिससे उनसे होने वाले नुकसानों से बचा जा सकता है।

1. रात में इनका प्रयोग बिल्कुल न करे।
2. दिन में एक से अधिक बार इनका इस्तेमाल न करे। बहुत खास अवसरों पर ही एक से ज्यादा बार प्रयोग करे।
3. सर्दी में जब पसीना कम आता है, इनका प्रयोग न करे।
4. बच्चों पर इनका प्रयोग बिल्कुल न करे। जब आसपास बच्चे हों तो स्प्रे का प्रयोग न करे।
5. जब भी स्प्रे करे, अपनी आंखें बंद रखें और चेहरा दूसरी और घुमा लें।
6. जहां तक हो सके गर्मी के अनुकूल परिधान पहनें- अधिकांशतः सूती। ज्यादा बार नहाएं, अन्यथा बगलों को गीले कपड़े या टिशू से बार-बार पोंछें।



**शरीर से पसीने की गंध आना एक आम समस्या है जिसका हल पाने के लिए भारतीय दुकानदारों ने अपनी दुकानों को तमाम भारतीय व इम्पोर्टेड ब्रैंड के डिओडरेंट व एंटीपर्सपीरेंट से भर दिया है। विज्ञापनों द्वारा इन उत्पादों की सिर्फ खूबियां दिखाना या बताया जाना तथा इनके कन्टेनर्स पर लिखी हुई अपर्याप्त व अधूरी जानकारी के कारण डिओडरेंट व एन्टीपर्सपीरेंट के विषय में बहुत सी गलत धारणाएं तथा परेशानियां जन्म ले चुकी है।**

# लेज़र तकनीक से पाएं बेदाग त्वचा

चेहरे पर एक छोटा सा दाग या एक्ने चेहरे की सुंदरता को खराब कर देता है। यदि चेहरे पर मुंहासों जैसे ढेर सारे दाने पास-पास और गुच्छे की शक्ल में हों और बहुत दिनों तक बनें रहे तो सावधान हो जाइए। यह एक्ने हो सकता है। अगर आपके परिवार में एक्ने की हिस्ट्री रही है यानी आपके मां या पिता को भी यह समस्या रही है तो भी आपको इससे बचाव की कोशिशें शुरू कर देनी चाहिए। दरअसल, एक्ने मुंहासों का बिगड़ा हुआ रूप है। फर्क यह है कि आमतौर पर मुंहासे जहां बिना किसी विशेष उपचार के किशोरावस्था के बाद स्वयं ही ठीक हो जाते है, वहां एक्ने के साथ ऐसा नहीं होता। जब तक कि इनकी देखभाल ठीक से न की जाए तब तक यह ठीक नहीं होते। समस्या तब और बढ़ जाती है जब इनके निशान या दाग चेहरे पर पड़ जाते है। यह दाग किसी भी युवती के लिए नागवार होते है।



## क्यों होते है मुंहासे

त्वचा के नीचे स्थित सिबेशियस ग्लैंड्स से त्वचा को नमी देने के लिए तेल निकलता है। ये ग्लैड्स चेहरे, पीठ, छाती और कंधों पर सबसे ज्यादा होती है। अगर यह ज्यादा सक्रिय हो जाएं तो रोमछिद्र चिपचिपे होकर ब्लॉक हो जाते है और उनमें बैक्टीरिया पनपने लगते है। जो मुंहासे का कारण बनते है। सिबेशियस ग्लैड की अति सक्रियता की प्रमुख वजह एंड्रोजन हार्मोन की अधिकता है। एंड्रोजन पुरुष सेक्स हार्मोन है और यह लड़के-लड़कियों दोनों में ही होता है। किशोरावस्था में इसका सीक्रिशन ज्यादा होता है इसलिए उन दिनों ऐसी मुंहासों की समस्या से गुजरना पड़ता है। यही मुंहासे बिगड़कर एक्ने का रूप ले लेते है। कुछ ऐसे लोग भी है जो मुंहासे फोड़ देते है और उन पर डेटॉल या सेवलॉन का घोल लगाते है, यह सोचकर कि शायद ऐसा करने से उनके घाव भर जाएंगे। लेकिन मुंहासों को फोड़ने से संक्रमण पर पूरी त्वचा पर फैल जाता है और उनके दाग भी जरूर पड़ते है। मुंहासों के निकलने के कुछ अन्य कारण भी है मसलन एलर्जी, तनाव, जंकफूड, हाइड्रोजेनेटेड फैट और पशु उत्पादों के प्रयोग, कुपोषण और प्रदूषण से भी इनकी संभावना बढ़ जाती है। कुछ दवाओं जैसे स्टीरॉयड, ओरल, कांट्रेसेप्टिव पिल्स और मिरगी की दवाओं आदि के रिएक्शन से भी मुंहासे हो सकते है।

## बचाव संभव है

कुछ बातों का ध्यान रखा जाए तो मुंहासों को रोका जा सकता है, कम से कम उनका ज्यादा बढ़ना तो रोका ही जा सकता है। बेहतर होगा कि मुंहासे निकलते ही उनकी रोकथाम के उपाय शुरू कर दिए जाएं। अगर आप इनसे बचना चाहती है तो अपने आहार पर खास ध्यान देना होगा। भोजन में अधिक तेल, मसाले से परहेज करना होगा। इसके अलावा रेशेयुक्त पदार्थो का सेवन अधिक करे। इससे पेट साफ रहता है और शरीर के विषाक्त पदार्थ भी बाहर निकल जाते है। क्योंकि पेट की खराबी भी मुंहासों का एक विशेष कारण होता है। अधिक मीठा, स्टार्चयुक्त भोजन से जहां तक हो सके बचें।

## कैसे जाएं मुंहासों के निशान

आज की व्यस्त जीवन शैली में समय के अभाव के कारण मुंहासों के दाग दूर करने के लिए घंटों चेहरे पर लेप लगाना और उबटन का इस्तेमाल करने से हर स्त्री बचना चाहती है। ऐसे में लेजर तकनीक काफी सुविधाजनक है। लेजर तकनीक मुंहासों का अच्छा इलाज है। इसके जरिये त्वचा के दाग-धब्बे दूर हो जाते है और आपको मिलती है एक निर्दोष, बेदाग त्वचा। इस लेजर चिकित्सा में आपकी त्वचा की कोशिकाओं का पानी लेजर की किरण सोख लेता है। इस क्रिया से कोशिकाओं का तात्कालिक वाष्पीकरण होता है या वे नष्ट हो जाती है। न्यू लुक लेजर क्लीनिक, लाजपत नगर, नयी दिल्ली के कंसल्टेट डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर अनिल के अनुसार लेजर चिकित्सा के जरिये प्रभावित त्वचा को हटा दिया जाता है और उसके जगह नयी त्वचा निकल आती है। लेजर चिकित्सा के बाद त्वचा कुछ समय तक गुलाबी रहती है पर धीरे-धीरे त्वचा निर्दोष और सामान्य नजर आती है। इसके लिए आपकी त्वचा को देख कर और मुंहासों की स्थिति को ध्यान में रखकर आपको यह परामर्श दिया जाता है कि आपको लेजर ट्रीटमेंट की कितनी सिटिंग लेने की जरूरत होगी। इसके साथ ही डॉक्टर के निर्देशानुसार कुछ दिनों तक आपको सूर्य की किरणों से भी त्वचा का बचाव करना होता है। साथ ही एसपीएफ-18 की सनस्क्रीन का भी प्रयोग करना होता है। लेकिन आपको मिलती है एक सुंदर, स्वस्थ और बेदाग त्वचा।

13FAR-25- FATVA:13FAR-25- FATVA.qxd 13-Feb-25 11:17 AM Page 8



# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आवेदकों की समस्याएं, अधिकारियों को आवेदन निराकरण के दिए निर्देश

## जनसुनवाई में 76 आवेदन हुए प्राप्त

**संवाददाता ➤ अनूपपुर**

कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में 76 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक को धैर्यतापूर्वक उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें आवेदक के शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रुख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की



समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर श्री सुधाकर सिंह बघेल, तहसीलदार अनूपपुर श्री अनुपम पांडेय सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी।

जनसुनवाई में श्री अमित यादव कोडा तहसील अनूपपुर धान खरीदी-बिक्री की धन राशि दिलाए जाने, धनी बाई मरावी सरपंच परसेलकला तहसील पुष्पराजगढ़ नल जल योजना अंतर्गत नर्मदा नदी व जोहिला नदी से ग्राम पंचायत तक पानी पहुंचाने, श्री राजू प्रसाद औढेरा तहसील अनूपपुर नक्शा एवं तरमीम सुधार कराए जाने, ओम प्रकाश पटेल मजगवां तहसील अनूपपुर निजी भूमि पर लगे फसल व जमीन क्षति का मुआवजा दिलाने, सियाराम केवट वेंकटनगर तहसील जैतहरी राजस्व अभिलेख सुधार, राकेश कुमार मिश्रा लतार सेजरा प्रमाण पत्र दिलाए जाने, ध्यान सिंह गोंड अमली पयारी तहसील अनूपपुर भूमि पर अवैध कब्जा करने से रोके जाने, प्रभाकर उरमालिया बरगवां तहसील अनूपपुर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने, राजकुमार पटेल भोलगढ़ तहसील अनूपपुर किसान

---

### न्यूज ब्रीफ



## चैंपियनशिप में जमुना ने जीता मेडल

**अनवर खान ब्यूरो चीफ फतवा**

मण्डला। पांचवीं नेशनल ऑल इंडिया मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप केरल के त्रिशूल में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया यहां पर मध्यप्रदेश टीम से मंडला जिले के सात खिलाड़ियो ने अपनी सहभागिता से दर्ज कराई है। जिसमें जानी मानी समाजसेवी और खिलाड़ी सुश्री जमुना उईके ने ब्रऊज मेडल गोला भाला फेंक प्रतियोगिता में अर्जित किया है। उनकी शानदान जीत पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, निवास विधायक चैन सिंह वरकड़े, बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले, पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जोरावर सिंह, श्रीमति श्रृद्धा उईके, आदिवासी समाज प्रमुख गुलाब मदरिया, संतुलाल मरावी, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र ठाकुर, अरविंद पटले ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, शशांक मिश्रा, पंकज उसराठे, त्रिलोक डोंगरे, गंगाराम मरावी, रामनाथ धुर्वे, उमेश नंदा, पुरुषोत्तम नेताम, शिव कुमार मरावी, नारायण प्रसाद भवेदी, टिर्रु लाल परते, ग्राम पंचायत कौआडोंगरी सरपंच हरदयाल भवेदी, भैया लाल वरकड़े, अशोक वरकडे, दीपचंद परते, रामभजन परते, नंदू परते, समाजसेवी हीरा सिंह उइके, सीताराम उइके, मदन मरावी, कमलेश परते, रवि परते, मनोज परते, मिश्रीलाल भवेदी, बसंत बैरागी, यशवंत बैरागी, सेवकराम वरकड़े, विजय मरावी, राजेश वरकड़े सहित क्षेत्र के समस्त शुभचिंतकों, खेल प्रेमियों ने ऑल इंडिया नेशनल मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप खिलाड़ीयों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किये गये हैं। बता दें कि वहीं बसंत तेकाम गोल्ड मेडल, सुश्री रामा परते सिल्वर मेडल, अरूणा मर्सकोले सिल्वर मेडल, संजूलता एवं दिलीप सोनवानी को भी मेडल मिले हैं।

## आचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार दास का देवलोक गमन आध्यात्मिक जगत के लिए अपूर्णीय क्षति - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य श्री को दी श्रद्धांजलि

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, श्री अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार दास महाराज के देवलोक गमन पर शोक प्रकट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परम रामभक्त का निधन अत्यंत दु:खद एवं आध्यात्मिक जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है, उनके मंगलकारी विचार और भक्तिमय व्यक्तित्व समस्त सनातन जगत को धर्म और मानव कल्याण के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोक संतप्त शिष्यों और अनुयायियों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर उनका स्मरण किया

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आर्य समाज के संस्थापक, शुद्धि आंदोलन के प्रणेता और महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर उनका स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मानव कल्याण, राष्ट्र सेवा और समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए स्वामी जी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण होम कर दिया। स्वामी दयानंद सरस्वती जी के ओजस्वी विचारों के दिव्य प्रकाश से मानवता का सदैव कल्याण होता रहेगा।

## संत शिरोमणि रविदास जी के विचारों को शालेय पाठ्यक्रम में किया जा रहा है शामिल - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संत शिरोमणि गुरू रविदास जी ने ऽजात-पात पूछे न कोई-हरि को भजे सो हरि को होई जैसे उदात्त विचारों से समाज को छुआछूत, सामाजिक असमानता, आडम्बर और अंधविश्वास के विरुद्ध जागरूक किया। उन्होंने परतंत्रता और विदेशी आक्रांताओं के आतंक से प्रभावित वातावरण में भक्ति, समानता और सद्भाव के साथ अपनी यात्रा आरंभ की।

---

### वसूली वारंटी की तामीली हेतु निर्देशित किया गया।

# कोतवाली अनूपपुर द्वारा रात्रि काम्बिंग गश्त में सालो से फरार चल रहे 07 वारंटी गिरफ्तार

**संवाददता ➤ अनूपपुर**

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री इसरार मंसूरी द्वारा जिले में अपराधों पर नियंत्रण हेतु मंगलवार की रात्रि जिले के समस्त थानों में काम्बिंग गश्त कराई गई जिसमें फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी की तामीली, जिला बदर आरोपियों की घर पर चैकिंग, निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों की चैकिंग एवं वसूली वारंटी की तामीली हेतु निर्देशित किया गया।मंगलवार की रात्रि थाना कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने रात्रि काम्बिंग गस्त के दौरान एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के निर्देशन में टीआई कोतवाली अरविंद जैन, सहायक सुरेन्द्र प्रताप सिहं, प्रधान आरक्षक शिवशंकर प्रजापति, आरक्षक संजय सिहं, गुपाल यादव, गिरीश चौहान की अलग अलग पुलिस पार्टियों ने वान्टेड अपराधियो कि घेराबंदी की जाकर फरार चल रहे है 07 वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया जिसमें से चेक बाउंस के मामले में फरार चल रहे आरोपी शमशुद्दीन पिता वसीरूद्दीन उम्र 45 वर्ष निवासी धनपुरी जिला शहडोल के विरुद्ध माननीय न्यायालय सृष्टि साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अनूपपुर के द्वारा प्रकरण क्रमांक 01/24 धारा 138 एनआईए एक्ट में गिरफ्तारी वारंटी जारी किया गया है। इसी तरह चेक बाऊंस के मामले में फरार चल रहे आरोपी नानदाऊ सिहं पोर्ते पिता धनीराम पोर्ते उम्र 56 साल निवासी ग्राम पसला अनूपपुर के विरुद्ध माननीप न्यायालय सृष्टि साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अनूपपुर के द्वारा प्रकरण क्रमांक 232/23 धारा 138 एनआईए एक्ट में गिरफ्तारी वारंटी जारी किया गया है।




माननीय न्यायालय श्री नरेन्द्र पटेल विशेष न्यायाधीश, विद्युत अधिनियम अनूपपुर के द्वारा धनीराम चौधरी पिता लक्ष्मण चौधरी उम्र करीब 52 साल निवासी मौहरी (परसवार) के विरूद्ध धारा 135 विद्युत अधिनियम में गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया गया है। माननीय न्यायालय सुश्री अंजली शाह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अनूपपुर के द्वारा मारपीट के प्रकरण क्रांक 762/20 में कोशी बैगा पिता समयलाल बैगा उम्र 25 साल निवासी अकुवा अनूपपुर के विरुद्ध गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया गया है। रात्रि में काम्बिंग गस्त के दौरान अनूपपुर से जिला बदर चल रहे अपराधी आशीष उर्फ सोनू केवट निवासी बरबसपुर, सतेन्द्र उर्फ तूरा सिह निवासी अनूपपुर को पुलिस टीम द्वारा उनके घरों पर चैक किया।

काम्बिंग गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा निगरानी बदमाश प्रकाश वासिल, गोलू गोड़, विशंम्भर पंवार, शहजाद खान, मोहम्मद सादिक, रवि श्रीवास्तव, सिंकू उर्फ विवेक गुप्ता के घरो पर दविगा दी जाकर चैकिंग कि गई। काम्बिंग गस्त के दौरान रेल्वे स्टेशान बस स्टेण्ड, हाटल, लाज एवं ढाबो कि चैकिंग की गई। रात भर चली चैकिंग कार्यवाही से थाना क्षेत्र के आदतन अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया गया, साथ ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है

---

# शहडोल संभाग में संपदा 2.0 के प्रति लोगों को करें जागरूक : कमिश्नर




### कमिश्नर ने विभागों के राजस्व वसूली की ली जानकारी, कार्यों की समीक्षा की

**संवाददता ➤ शहडोल**

कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने आज कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक कक्ष में संभाग स्तरीय खनिज, परिवहन विभाग के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने शहडोल संभाग के जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रग्स परिवहन को रोकने का हर संभव प्रयास करें,यह भी सुनिश्चित करें कि स्कूल वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाया जाए इसके लिए वाहनों की चैकिंग करें। कमिश्नर ने लाइसेंस, लर्निंग लाइसेंस जैसे अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

कमिश्नर ने शहडोल संभाग के जिला पंजीयकों को निर्देश दिए कि लोगों को संपदा 2.0 के प्रति लोगों को जागरूक करे जिससे अधिक से अधिक लोग दस्तावेजो का पंजीयन करा सके।कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के परिवहन,सहकारिता, आबकारी, खनिज विभाग के द्वारा किए गए राजस्व वसूली की जानकारी ली तथा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में शहडोल संभाग के जिला खनिज अधिकारी सुश्री फरहत जहां, श्री प्रभात पट्टा सहित जिला परिवहन अधिकारी, आबकारी अधिकारी उपस्थित थे।

---

# थाना बिजुरी द्वारा 1,35,500/- रुपये के वसूली वारंटी एवं 01 गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय अनूपपुर श्री मोति उर्र रहमान जी के ज्यादा से ज्यादा वारंट तामीली के निर्देश पर थाना बिजुरी पुलिस द्वारा दिनांक 10.02.25 को माननीय न्यायाधीश सुश्री गुंजन गौड प्रथम श्रेणी न्यायायिक मजिस्ट्रेट द्वारा जारी नौशाद खान पिता स्व. अब्दुल जलील उम्र 40 वर्ष निवासी बरबसपुर रोड मानपुर जिला उमरिया के 1,35,500/- रुपये का वसूली वारंटी को आरोपी के घर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कोतमा के समक्ष पेश किया गया, माननीय न्यायाधीश रविन्द्र कुमार शिल्पी न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा



जारी गिरफ्तारी वारंटी धारा 279, 337 ताहि के आरोपी गुड्डा पाव पिता ग्यायलाल पाव उम्र 35 वर्ष निवासी बेलगांव बिजुरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कोतमा के समक्ष पेश किया गया।उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विकास सिह, सउनि कमलेश तिवारी, सउनि अश्विनी मिश्रा, आर. 422 नत्थूलाल चौधरी, 504 लक्ष्मण दांगी, 304 रवि सिह की उल्लेखनीय भूमिका रही।

---

# 8 मार्च को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

### आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा प्रकरणों का निराकरण

**संवाददता ➤ अनूपपुर**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री पी सी गुप्ता अनूपपुर के मार्गदर्शन में 08 मार्च, 2025 को जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर एवं तहसील सिविल न्यायालय कोतमा व राजेन्द्रग्राम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक, व्यवहारिक, धारा 138 एन.आई. एक्ट के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक प्रकरण, विद्युत चोरी के प्रकरण



तथा विद्युत विभाग, बैंक एवं नगर पालिका के पूर्ववाद प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर किया जावेगा। द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश / संयोजक नेशनल लोक अदालत श्री नरेन्द्र पटेल की अध्यक्षता में बैंक अधिकारीयो, विद्युत विभाग, पैरालीगल वालंटियर्स आदि के साथ नेशनल लोक अदालत हेतु प्रीसिटिंग बैठकों का आयोजन किया गया।

---

# शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में सायबर क्राईम सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददता ➤ अनूपपुर**

, 11 फरवरी 2025 - पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 01 से 11 फरवरी 2025 तक आयोजित सेफ क्लिक साइबर अपराध जागरूकता अभियान के अंतर्गत, अंतिम दिवस पर थाना कोतवाली अनूपपुर द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य श्री कौशलेन्द्र सिंह, शिक्षकगण ईश्वरचन्द विद्यासागर, सूरज सोनी, राजेश पाटकर, अमिता मरकाम, रंजना मिश्रा, पत्रिका समाचार पत्र से श्री बद्री तिवारी तथा थाना कोतवाली अनूपपुर से टी.आई. अरविन्द जैन, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह, शेख रसीद एवं आरक्षक प्रकाश तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 250 छात्राओं ने भाग लिया।

इस दौरान छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के लिए सतर्क रहने एवं सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया। बताया गया कि ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिटल ट्रांजेक्शन एवं सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के कारण साइबर फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इस प्रकार के अपराधों से बचने के लिए सतर्कता ही सर्वोत्तम उपाय है। कार्यक्रम में दिए गए मुख्य सुझाव -

किसी भी अज्ञात व्यक्ति के कॉल, मैसेज या सोशल मीडिया पोस्ट पर विश्वास न करें।

ओटीपी, बैंक विवरण, पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें।

ज्ञात नंबर से भेजे गए लिंक पर क्लिक न करें और वीडियो कॉल को स्वीकार न करें।

हिला संबंधी साइबर अपराधों से बचाव के लिए सोशल मीडिया की प्राइवेसी सेटिंग्स सक्रिय करें।किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में गोल्डन आवर के भीतर तत्काल राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या पर शिकायत दर्ज कराएं।ार्यक्रम के दौरान छात्राओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान थाना कोतवाली से आरक्षक प्रकाश तिवारी द्वारा साइबर क्राइम से बचने के लिए दोहे बताए गए -

ओटीपी कबहूं न दीजिए
अनजाना हो कोय।
हाथ मले और सिर धुने
जब खाता खाली होय ।।
डेटिंग एप पर ऑनलाइन
नहीं लड़ावें नैन।
धोखा आप खा जाएंगे है।
छिन जावेगा चैन।।
वीडियो कॉल जब जब आवे
और नंबर हो अनजान।
कॉल तुरंत ही काटीए
इतना राखिए ज्ञान।।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. ने 19 जिंसी जहांगीराचाद, भोपाल, मप्र, मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 9, जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। **संपादक**-डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरवी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनुपपुर होगा। मो. 9893798715